रोहतक
रविवार 29 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 30, अंक : 53
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 34.7
न्यून. 16.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 रिंग में जोश के साथ होश भी जरूरी वरना खतरे में पड़ सकता है करियर

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना हरियाणा
माह : मार्च
दिनांक : 29 मार्च 2026

**3300 एकड़ में बने रनवे-टर्मिनल**

# मोदी ने किया देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन
## बोले, भारत पूरी शक्ति से पश्चिमी एशिया संकट का मुकाबला कर रहा

एजेंसी ▶▶| नोएडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यूपी के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का उद्घाटन किया। यह अभी देश का सबसे बड़ा और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। 4 फेज पूरे होने पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट हो जाएगा। पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से इजराइल-अमेरिका और ईरान की जंग से उपजे संकट से एकजुट होकर लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मेरी चर्चा हुई। देशवासियों से कहूंगा कि धैर्य और एकजुटता के साथ इस संकट का सामना करें। ये पूरी दुनिया को परेशान करने वाला संकट है। प्रधानमंत्री ने कहा-देश के राजनीतिक दलों से कहना चाहता हूं कि संकट की घड़ी में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।



**टर्मिनल हर साल 1.2 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा**
एयरपोर्ट के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है। इसमें करीब 3300 एकड़ जमीन पर टर्मिनल और रनवे बनाए गए हैं। यह टर्मिनल हर साल लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 11 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। दूसरे चरण का काम भी जल्द पूरा होगा।

*▶▶ **मई में शुरू हो सकती हैं फ्लाइट:** नोएडा एयरपोर्ट अथॉरिटी से जुड़े अफसरों ने बताया कि यहां से फ्लाइट मई से शुरू हो सकती है। यह एयरपोर्ट 52 स्क्वायर किमी में बनना है। एशिया की सबसे बड़े एयरपोर्ट की बात करें तो अभी चीन का बीजिंग डेक्सिंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। इसका एरिया 47 स्क्वायर किमी है।*

**2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, आज 160**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- किसी भी देश में एयरपोर्ट सिर्फ एक संचालन की सुविधा नहीं होती। ये एयरपोर्ट प्रगति को उड़ान देते हैं। 74 एयरपोर्ट 2014 से पहले देश में थे। आज 160 एयरपोर्ट हैं। आज महानगरों के साथ छोटे शहरों में हवाई कनेक्टिविटी पहुंच रही है।

**यूपी में एयरपोर्ट की संख्या 17 हुई**
यूपी में तेजी से हवाई एयरपोर्ट की संख्या 17 कर दी है। भाजपा सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि एयरपोर्ट भी रहे और किराया-भाड़ा भी सामान्य परिवारों की पहुंच में रहे। इस कारण उड़ान योजना शुरू की। इसकी वजह से 1.60 करोड़ लोगों ने सस्ती दरों पर यात्रा की।

**विकसित यूपी की उड़ान का प्रतीक बनेगा एयरपोर्ट**
पीएम मोदी ने कहा कि साथियों, नोएडा के इस एयरपोर्ट से गाजियाबाद, मेरठ, इटावा, बुलंदशहर, आगरा, मथुरा आदि को बहुत बड़ा लाभ होने वाला है। एयरपोर्ट पश्चिमी यूपी के किसानों छोटे व लघु उद्योगों और नौजवानों के लिए नए अवसर लाने वाला है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के वास्ते शुरू किए गए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। इन पुरस्कारों का प्रबंधन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के आरवीपी सचिवालय द्वारा सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में किया जाता है। *एजेंसी*




### तत्कालीन डीआईजी पर हमला, 16 को उम्रकैद

**मुरादाबाद।** बहुचर्चित 15 साल पुराने मैनाठेर कांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तत्कालीन डीआईजी पर जानलेवा हमले में दोषी करार दिए गए 16 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शनिवार को एडीजे-दो कृष्ण कुमार की अदालत ने यह आदेश दिया। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दोषियों को कोर्ट में पेश किया गया। फैसले को सुनने के बाद परिजन सन्न रह गए। *एजेंसी*



### आरजीआईटी यूनिवर्सिटी फर्जी, डिग्री अमान्य

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन ने शनिवार को देशभर में चल रही फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची में एक यूनिवर्सिटी का नाम और जोड़ दिया। यूजीसी ने राजस्थान के राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट संस्थान को नकली यूनिवर्सिटी की लिस्ट में डाल दिया है। यह अलवर में है। यूजीसी ने नोटिफिकेशन दिया है। *एजेंसी*



### शोपियां में सीआरपीएफ जवान की मृत्यु

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सीआरपीएफ के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल ज्ञान चंद शनिवार सुबह शोपियां स्थित जिला पुलिस लाइन्स (डीपीएल) शिविर में बेहोश पाए गए। उन्होंने बताया कि जवान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। *एजेंसी*



### अडाणी डिफेंस ने आर्मी को सौंपी 2,000 मशीन गन

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारतीय सेना को 2,000 'प्रहार' लाइट मशीन गन की पहली खेप सौंपी। यह 7.62 मिमी कैलिबर के हथियार ग्वालियर के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में बनाए गए हैं। सरकार इन हथियारों का इस्तेमाल एलएसी और एलओसी पर सुरक्षा और मारक क्षमता बढ़ाने के लिए करेगी। 'प्रहार' एलएमजी की मारक क्षमता 1,000 मीटर तक है, जिससे दुश्मनों को दूर से निशाना बनाया जा सकता है। *एजेंसी*



## इजराइल ने ईरान पर 50 फाइटर जेट से की एयरस्ट्राइक

**ईरान का दावा 21 अमेरिकी सैनिक लापता**

# जंग में कूदा हूती, अमेरिकी टैंकर पर ओमान में हमला

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान

ईरान-इजराइल जंग के 28 दिन बाद अब हूती विद्रोही भी इसमें शामिल हो गए हैं। इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी। इसके अलावा अराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है। वहीं, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागीं। इस हमले में कम से कम 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। (पैकेज पेज-8 पर देखें)



**यूएई पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं**
ईरान ने शनिवार को यूएई पर 20 बैलिस्टिक मिसाइल और 37 ड्रोन से हमला किया। यूएई के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, सभी मिसाइल और ड्रोन को एयर डिफेंस सिस्टम ने इंटरसेप्ट कर लिया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। इस हमले के बाद से 21 अमेरिकी सैनिक लापता है। मंत्रालय ने बताया कि यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब क्षेत्र में लगातार सैन्य गतिविधियां बढ़ रही हैं।

**हूती लड़ाके देश को युद्ध में घसीट रहे**
यमन सरकार ने हूती लड़ाकों पर आरोप लगाया है कि वह देश को बेवजह के युद्धों में घसीट रहा है। यमन सरकार के मुताबिक, हूती लड़ाके ईरान के समर्थन में काम कर रहे हैं, उनका यह कदम देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। इससे पहले सुबह खबर आई थी कि हूती लड़ाकों ने इजराइल पर मिसाइल दागी थी, जिसे बीच में ही रोक दिया गया। हूती लड़ाके यमन का एक हथियारबंद समूह है।

**90,000 टन एलपीजी लेकर दो और टैंकरों ने पार किया होर्मुज**
जंग के बीच शनिवार को भारत की ओर जा रहे दो और एलपीजी टैंकरों ने होर्मुज स्ट्रेट को पार कर लिया। ईरान ने भारत के तेल और एलपीजी लदे जहाजों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार करने की इजाजत दे दी है। भारत का झंडा लगे ये दोनों टैंकर, एक-दूसरे के काफी करीब चलते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर निकले। इन दोनों टैंकर में 90,000 टन से ज्यादा एलपीजी भरी हुई है। इसके अलावा करीब पांच और भारतीय टैंकर संयुक्त अरब अमीरात के पास समुद्री क्षेत्र में खड़े हैं।

**नरेंद्र मोदी ने की सऊदी के क्राउन प्रिंस से बात**
पश्चिमी एशिया संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर बातचीत की। दोनों के बीच मिडिल ईस्ट के वर्तमान हालातों पर गंभीर चर्चा से हुई। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा और नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमलों की निंदा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने इसकी जानकारी दी।



**न्यूयॉर्क टाइम्स का दावा-ट्रम्प-मोदी की बातचीत में मस्क भी शामिल थे, भारत का इनकार**
भारत सरकार ने उन खबरों को खारिज किया है जिनमें कहा जा रहा था कि पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प की बातचीत में इलॉन मस्क भी शामिल थे। विदेश मंत्रालय ने साफ कहा कि 24 मार्च को हुई बातचीत सिर्फ पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच ही हुई थी। इसमें किसी तीसरे व्यक्ति की मौजूदगी नहीं थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस बातचीत में दोनों नेताओं ने क्षेत्र की स्थिति पर अपने विचार साझा किए और शांति बनाए रखने पर जोर दिया। इससे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने दावा किया था कि मस्क भी इस कॉल में शामिल थे। इस फोन कॉल के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत चाहता है कि इलाके में शांति हो और तनाव कम हो। उन्होंने यह भी कहा कि होर्मुज स्ट्रेट सभी के लिए सुरक्षित और खुला रहना चाहिए।

**सात जेल कर्मचारी सस्पेंड**

## रेवाड़ी की हाईटेक जेल से 2 बंदी फरार, सीढ़ी लगाकर फांदी दीवार

*पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को किया गिरफ्तार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी की हाईटेक जेल से शनिवार को दो बंदी फरार हो गए। दोनों पिछले कुछ दिन से जेल से फरार होने का मौका तलाश कर रहे थे। शुक्रवार को मौका मिला, तो आरोपी निर्माण कार्य के लिए जेल में लाई गई सीढ़ी और अन्य सामान का इस्तेमाल कर दीवार फांदकर फरार हो गए। घटना का पता तब चला जब जेल में गिनती की गई। जांच करने पर पता चला कि यूपी के रामपुर के 22 वर्षीय फैजान और इटावा के 21 वर्षीय जाहिद जेल से गायब हैं। इसके कुछ समय बाद एसपी हेमेंद्र मीणा ने बताया कि पुलिस ने इटावा के जाहिद को शनिवार सुबह और फैजान को देर शाम गिरफ्तार कर लिया। इस घटना पर डीजी जेल आलोक मित्तल ने कड़ा एक्शन लेते हुए सात जेल कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया। इनमें पांच हेड वार्डर और दो वार्डर शामिल हैं।



रेवाड़ी। जिला जेल परिसर में पड़ी सीढ़ियां। *फोटो : हरिभूमि*

**ऑनलाइन ठगी के मामले में जेल में बंद**
एसपी के मुताबिक, दोनों ऑनलाइन ठगी के मामले में जेल में बंदी थे। जेल से दोनों सीढ़ी लगाकर फरार हुए थे। हालांकि, कैसे दोनों ने जेल से भागने की पूरी योजना बनाई, इसका पता आरोपियों से पूछताछ के बाद ही लग पाएगा।

**हरियाणा की हाईटेक जेलों में शुमार है रेवाड़ी जेल**
एसपी हेमेंद्र मीणा ने बताया कि पुलिस ने इटावा के जाहिद को शनिवार सुबह और फैजान को देर शाम गिरफ्तार कर लिया। रेवाड़ी जेल को प्रदेश की हाईटेक जेलों में से एक माना जाता है। सरकार ने गांव फिदेड़ी में बीते साल ही इसका उद्घाटन किया था। इस जेल में बंद कैदियों और बंदियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने का दावा किया गया था। इसके बावजूद हाईटेक जेल से दो बंदियों के फरार होने की घटना ने जेल के सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

*वाइब्रेशन के बाद एक इंजन बंद हुआ*

### इंडिगो फ्लाइट का इंजन फेल दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विशाखापट्टनम से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 579 की शनिवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 160 यात्री सवार थे। दिल्ली के पास पहुंचते समय विमान के इंजन नंबर-1 में खराबी आई। पायलट को इंजन में तेज वाइब्रेशन महसूस हुआ, इसके बाद इंजन बंद हो गया। पायलटों ने इमरजेंसी घोषित की। दिल्ली एयरपोर्ट से मदद मांगी। फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक सुबह 10.53 बजे इमरजेंसी कॉल आया। टीम को अलर्ट पर रखा गया। विमान ने रनवे 28 पर सुरक्षित लैंडिंग की। सभी यात्री और क्रू उतारे गए। विमान की सुरक्षित लैंडिंग के लिए एयरपोर्ट के रनवे 28 पर 'फुल इमरजेंसी' लागू की गई थी।



*जेन-जी प्रोटेस्ट मामले में कार्रवाई*

### नेपाल : बालेन के पीएम बनते ही केपी शर्मा ओली गिरफ्तार

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पुलिस ने शनिवार सुबह गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी पिछले साल हुए जेन-जी प्रोटेस्ट के मामले में हुई है। यह कार्रवाई उस समय हुई, जब एक दिन पहले ही बालेन शाह ने नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। पुलिस के मुताबिक, ओली को शनिवार सुबह भक्तपुर के गुंडु स्थित उनके घर से पकड़ा गया। वहीं, रमेश लेखक को सुबह करीब 5 बजे काठमांडू के पास स्थित सूर्यविनायक इलाके से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद शुरू हुई जांच के आधार पर की गई है। एक जांच आयोग ने सुझाव दिया था कि इन नेताओं पर लापरवाही का केस चलाया जाए।



*बेटे गौतम ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी*

### रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का निधन

**मुंबई (भाषा)।** रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके बेटे गौतम सिंघानिया ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उनका अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर 3 बजे मुंबई के चंदनवाड़ी श्मशान घाट में होगा। गौतम सिंघानिया ने अपने मैसेज में लिखा है कि उनके पिता एक दूरदर्शी नेता और समाजसेवी इंसान थे, जिनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। विजयपत सिंघानिया देश की प्रमुख टेक्सटाइल कंपनी रेमंड ग्रुप के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर रहे हैं। विजयपत 2017 से ही बेटे गौतम सिंघानिया के साथ परिवार और संपत्ति से जुड़े विवाद को लेकर सुर्खियों में थे। सबसे रईस लोगों में शामिल विजयपत का एविएशन और फिल्म इंडस्ट्री में भी रसूख था।



### 2020 बैच के एमबीबीएस छात्रों को बड़ी राहत डीएमईआर ने दस्तावेज जारी करने के दिए निर्देश

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में एमबीबीएस बॉन्ड पॉलिसी को लेकर एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में हरियाणा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय ने राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों को 2020 बैच के छात्रों के दस्तावेज़ जारी करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार, एमबीबीएस में प्रवेश के समय छात्रों द्वारा जमा किए गए सभी मूल दस्तावेज़ उन्हें वापस किए जाएंगे। इसके साथ ही एमबीबीएस से संबंधित दस्तावेज़ जैसे डीएमसी, इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाणपत्र और प्रोविजनल डिग्री छात्रों को कॉलेज द्वारा विधिवत सत्यापित स्कैन कॉपी के रूप में प्रदान किए जाएंगे।

**बॉन्ड पॉलिसी के तहत जमा करवाए थे दस्तावेज**

**प्रमाणपत्र कॉलेज के पास रहेगा**
नोटिस में यह भी कहा गया है कि छात्र हरियाणा मेडिकल काउंसिल में अपना पंजीकरण कराएं, जिसके बाद स्थायी पंजीकरण प्रमाणपत्र कॉलेज प्रशासन के पास जमा रहेगा। इसके अतिरिक्त, कॉलेजों को निर्देशित किया गया है कि वे छात्रों को एक शपथ-पत्र (एफिडेविट) जारी करें, जिसमें यह उल्लेख होगा कि कुछ मूल दस्तावेज़ कॉलेज के पास सुरक्षित हैं, ताकि छात्र अन्य नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकें। जहां एक ओर इसे छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अंतरिम राहत के रूप में देखा जा रहा है, वहीं बॉन्ड पॉलिसी के तहत रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर स्थिति अभी भी अस्पष्ट बनी हुई है। इस विषय पर डीएमईआर की ओर से अब तक कोई आधिकारिक स्पष्टता या टिप्पणी सामने नहीं आई है।

*ईस्टर से पहले चॉकलेट प्रेमियों को झटका*

## इटली से पोलैंड जाते वक्त 'किटकैट' पर बड़ा डाका, 12 टन चॉकलेट से भरा ट्रक गायब




**चॉकलेट यूरोप के कई देशों में की जानी थी सप्लाई**
■
**ट्रक और माल अभी तक नहीं मिला**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईस्टर से ठीक पहले चॉकलेट प्रेमियों को झटका लगा है। दरअसल यूरोप में नेस्ले के मशहूर ब्रांड किटकैट की हजारों नहीं, बल्कि लाखों चॉकलेट बार एक झटके में गायब हो गईं। सेंट्रल इटली से पोलैंड जा रहा 12 टन किटकैट से भरा ट्रक रास्ते में रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। इस बड़ी चोरी ने न सिर्फ जांच एजेंसियों के होश उड़ा दिए, बल्कि बाजार में किटकैट की उपलब्धता को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। कंपनी ने चेतावनी दी है कि इसका असर ईस्टर से पहले स्टोर्स की शेल्फ़ पर दिख सकता है।

**ट्रांजिट के दौरान हुई चोरी, जांच जारी**
नेस्ले के मालिकाना हक वाले किटकैट ब्रांड ने एएफपी को भेजे बयान में कहा कि यह ट्रक सेंट्रल इटली से पोलैंड की ओर जा रहा था। रास्ते में यूरोप के कई देशों में किटकैट चॉकलेट की सप्लाई की जानी थी। हालांकि कंपनी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि ट्रक किस देश या किस स्थान पर लापता हुआ, लेकिन यह जरूर कहा कि किटकैट से लदा वाहन और उसका पूरा माल अब तक नहीं मिला है।

**छुट्टी की घोषणा करना सरकार का नीतिगत निर्णय**

*गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व पर अवकाश वाली याचिका खारिज*

## कोर्ट ने कहा-धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार में सार्वजनिक अवकाश की मांग शामिल नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की मांग पर महत्वपूर्ण फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत मिले धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार में किसी धार्मिक अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग करने का अधिकार शामिल नहीं है। सार्वजनिक अवकाश घोषित करना सरकार का नीतिगत निर्णय है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि विकासशील राष्ट्र के तौर पर भारत को उत्पादकता और काम की निरंतरता को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने गुरु गोविंद सिंह की जयंती (प्रकाश पर्व) को पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश (राजपत्रित अवकाश) घोषित करने की मांग खारिज कर दी। इतना ही नहीं शीर्ष अदालत ने कहा कि सिख धर्म के सिद्धांत स्मरण, ईमानदार श्रम और निःस्वार्थ सेवा पर विशेष बल देते हैं। गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन साहस, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है। गुरु गोविंद सिंह जी के प्रति अगाध सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करते हुए कोर्ट ने कहा कि उनका जीवन न्याय और सांसारिक कर्तव्यों के निर्वहन के लिए एक अथक संघर्ष था। इस परिप्रेक्ष्य में, उनकी विरासत का सम्मान करने का सबसे उत्तम तरीका शायद यह है कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन किया जाए, न कि केवल श्रद्धा की मांग करके सम्मान का कोई प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया जाए।



**विकासशील राष्ट्र के तौर पर भारत को उत्पादकता और काम की निरंतरता को प्राथमिकता देनी चाहिए**

# कार्यकर्ता एकजुट होकर घर-घर पहुंचाएं सरकार की नीतियां : कैप्टन अभिमन्यु

## प्रशिक्षण महाअभियान में कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन व योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

- पूर्व वित्तमंत्री ने मिर्चपुर में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार के नेतृत्व में हर ओर विकास की गंगा बह रही है। अब आवश्यकता है कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर इन नीतियों को पहुंचाएं और पार्टी को मजबूत बनाएं। वे मिर्चपुर गांव स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। यह 24 घंटे का प्रशिक्षण शिविर है, जिसमें कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन सहित पार्टी की नीतियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कैप्टन अभिमन्यु ने बताया कि शिविर में पार्टी का इतिहास, सरकार की उपलब्धियां, बूथ प्रबंधन, विचारधारा, एआई, सरल पोर्टल, नमो ऐप, सोशल मीडिया और संगठन विस्तार जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर संगठन को मजबूत बना रही है। व्यक्ति निर्माण से संगठन और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मेरिट के आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं, जबकि पहले खर्ची-पर्ची का बोलबाला था। लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया गया है। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, बास मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया, जयबीर माजरा, मंडल प्रधान महावीर श्योराण, कर्णपाल पेटवाड़, देवेंद्र बूरा, सोनू सैनी ने कैप्टन अभिमन्यु का गुलदस्ता भेंट कर जोरदार स्वागत किया। नारनौंद मार्केट कमेटी चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान, बिजेंद्र शर्मा, धर्मवीर गुराना, अमित मोर, आजाद शर्मा, अमरजीत लोहान, सरला नाड़ा, पप्पू सिसाय, शमशेर नंबरदार व अफसान कोथ सहित अन्य मौजूद रहे।


नारनौंद। शिविर का शुभारंभ करते हुए पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु साथ हैं जिप चेयरमैन सोनू डाटा व मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर।


नारनौंद। कार्यक्रम में कैप्टन अभिमन्यु का फूल मालाओं से स्वागत करते कार्यकर्ता।

### प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी मजबूती के साथ देश को आगे बढ़ने का काम किया है। विदेशों में भी प्रधानमंत्री का डंका बजता हैं। उन्होंने किसानों को आगे बढ़ाने के लिए ऐसी योजनाएं लागू की है जो पहले कोई नहीं कर सका। किसान निधि योजना के तहत किसानों के खातों में पैसे डाले जा रहे हैं ताकि वो फसलों की बिजाई कर सके। फसल बीमा योजना से भी किसानों को फायदा पहुंचाया जा रहा हैं। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस सिलेंडर दिए गए हैं। आयुष्मान योजना के तहत गरीब परिवारों का पांच लाख रुपये का इलाज निःशुल्क किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि रविवार को गोहाना में होने वाली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकास एवं धन्यवाद रैली की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की यह रैली ऐतिहासिक होगी।। बड़ौली ने कहा कि झूठ बोलना, शिकायत करना और जनता को गुमराह करना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की जो हालत है वो राज्यसभा चुनाव में सभी ने देखी है। कांग्रेस अपनी ही चाल में उलझी हुई पार्टी है। कांग्रेस को प्रदेश में हो रहे विकास को देखने के लिए नए चश्मे की जरूरत है।

### मंडियों में सरसों खरीद की तैयारियां अधूरी : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि प्रदेश में सरसों की सरकारी खरीद शुरू होने के बावजूद भी मंडियों में राज्य सरकार द्वारा तैयारियां पूरी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अब तक न तो बारदाना पहुंचा और न ही लेबर टेंडर हुए है, जो दिखाता है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री पंजाब में व्यस्त है और हरियाणा त्रस्त है। दुष्यंत ने कहा कि मौसम को देखते हुए गेहूं की कटाई भी जल्द शुरू होने वाली है, लेकिन देश में तेल की आपदा के कारण खरीद प्रबंधन की व्यवस्था में परेशानी सामने आएगी, इसके लिए सरकार को गंभीर होना चाहिए। शनिवार को दुष्यंत चौटाला जींद जिले के दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे।

### फरीदाबाद निगम का 2236 करोड़ का बजट पास

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के 1875 करोड़ के बजट को वित्तीय वर्ष 2026-27 में बढ़ाकर लगभग 2236 करोड़ निर्धारित किया गया है। निगम सदन की बैठक में बजट प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक पं. मूलचंद शर्मा, धनेश अदलखा, सतीश फागना, मेयर प्रवीण बत्रा जोशी सहित पार्षदगण व निगमायुक्त सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि बजट में यह वृद्धि निगम की वित्तीय सुदृढ़ता एवं शहर के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने के आरोपी पकड़े

**फरीदाबाद।** बीते एक नवंबर 2025 को थाना सूरजकुंड में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान जिशान व तौहिद के रूप में हुई है। घटनाक्रम में अब तक 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार इरफान ने पुलिस चौकी अनखीर में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 31 अक्टूबर 2025 को उसके चाचा के लड़के मोसिम के साथ तौफिक ने मारपीट की। इसी दौरान तौफिक के परिवार से मुबीन, वाहिद, हनीफ खालिद, आसिफ, अरसद, मोहब्बत व अन्य वहां आए और मारपीट के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

## कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री

# प्रदेश में पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं, आपूर्ति पहले की तरह सामान्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- अफवाहों पर ध्यान न दें प्रदेशवासी
- मुख्यमंत्री ने विपक्ष से भी सहयोग मांगा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया है कि मध्य एशिया में बने हालातों के बावजूद राज्य में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों को घबराने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई इसमें संलिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। वे शनिवार को चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग युद्ध जैसे हालातों के बीच आवश्यक वस्तुओं की कमी का भ्रम फैला रहे हैं, जबकि वास्तविक स्थिति सामान्य है। उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे आम जनता को राहत मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान व सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग सहित अन्य मौजूद रहे।



### 4032 पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 4032 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जहां प्रतिदिन औसतन 4804 किलोलीटर पेट्रोल और 12003 किलोलीटर डीजल की बिक्री हो रही है। राज्य में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति पहले की तरह सामान्य बनी हुई है।

### प्रतिदिन दो लाख सिलेंडर की आपूर्ति 1.90 लाख वितरित किए जा रहे

रसोई गैस की स्थिति पर जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 2 लाख सिलेंडर प्राप्त हो रहे हैं और करीब 1.90 लाख सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। बॉटलिंग प्लांट्स पर पर्याप्त स्टॉक है और आवश्यक सेवाओं के लिए गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 24 मार्च तक 928 एलपीजी सिलेंडर और 4 वाहन जब्त किए गए हैं। 66 आरोपियों की पहचान कर 8 एफआईआर दर्ज की गई हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई गई है और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही, प्रदेश स्तर पर मुख्य सचिव और जिला स्तर पर उपायुक्तों की अध्यक्षता में वॉर रूम स्थापित किए गए हैं, ताकि लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके। साथ ही विपक्ष से भी आग्रह किया कि वह जनता को भ्रमित करने के बजाय आपदा के समय सहयोग करे।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सुखना लेक पर देखा एयर शो



### अयोध्या में रामलला के दर्शन करने बुजुर्ग रवाना मुख्यमंत्री ने अंबाला में ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को अंबाला से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्रियों की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अगले महीने अप्रैल के आखरी सप्ताह में श्री हजूर साहिब गुरुद्वारा ( नांदेड़ , महाराष्ट्र) के लिए तीर्थ यात्रियों हेतु विशेष ट्रेन जाएगी।इससे पूर्व , मुख्यमंत्री ने तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन पूरे हरियाणा के लिए एक ऐतिहासिक और भावुक क्षण है। भगवान श्रीकृष्ण की इस पावन धरा से भगवान श्रीराम की जन्मभूमि, अयोध्या धाम के लिए इस विशेष तीर्थ ट्रेन को रवाना कर रहे हैं, तो उनको बड़े गर्व अनुभव हो रहा है।

### गेहूं के खरीद केंद्र शुरू करने के लिए इनेलो ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

- गेहूं खरीद में शर्तें लगाने का विरोध किया

**चंडीगढ़।** इनेलो अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला की अगुवाई में शनिवार को पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से लोकआवास पर मुलाकात कर गेहूं खरीद केंद्र शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए चौटाला ने बताया कि सरकार ने गेहूं की खरीद पर ट्रैक्टर-ट्राली का नंबर देने, मंडी में जाकर गेट पास लेने, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराने और 3 लोग नॉमिनी अनिवार्य होने जैसी शर्तें लगाई हैं। गेहूं की खरीद पर ऐसी शर्तें कभी नहीं थी। गेट पास का समय सुबह 6 से रात 8 बजे तक का रखा है यह भी चौबीस घंटे होना चाहिए। की। प्रतिनिधिमंडल में इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. सम्पत सिंह, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

### तेल पर एक्साइज ड्यूटी कम करने का जनता को नहीं मिल रहा लाभ : राव नरेंद्र

**चंडीगढ़।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये की कटौती के ऐलान के बाद सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस मुद्दे पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि एक्साइज ड्यूटी में कटौती का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचता नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह मान लेना गलत होगा कि पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं को 10 रुपये प्रति लीटर की राहत मिलेगी। उनके अनुसार, यह राहत मुख्य रूप से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को दी गई है, जबकि आम जनता को अब भी लगभग वही कीमत चुकानी पड़ेगी। सरकार सिर्फ राहत के नाम पर ड्रामा कर रही है।



## एआई उपयोगी, निर्णय लेने की जिम्मेदारी न्यायाधीशों की होनी चाहिए

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह ने न्यायिक अकादमी में संबोधित किया

**चंडीगढ़।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह ने कहा कि न्यायिक प्रणाली में प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग न्याय प्रक्रिया को सुगम और प्रभावी बनाने के लिए किया जाना चाहिए, लेकिन अंतिम निर्णय लेने की जिम्मेदारी सदैव न्यायाधीशों की होनी चाहिए। न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह ने यह बात शनिवार को राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय तथा चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी के सहयोग से प्रौद्योगिकी के माध्यम से कानून की भूमिका को आगे बढ़ाना चुनौतियां और अवसर विषय पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति भी मौजूद रहे।



#### न्याय के लिए मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनशीलता जरूरी

उन्होंने कहा कि न्याय केवल मामलों का तकनीकी या यांत्रिक तरीके से निपटारा करने का विषय नहीं है, बल्कि इसमें मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनशीलता का भी महत्वपूर्ण स्थान है। तकनीक, एल्गोरिदम और एआई न्यायिक प्रणाली को जानकारी उपलब्ध कराने और प्रक्रियाओं को तेज करने में सहायक हो सकते हैं, लेकिन इन्हें न्याय देने वाले के रूप में नहीं देखा जा सकता। वर्तमान परिस्थितियों में न्यायिक निर्णय का अधिकार और जिम्मेदारी न्यायाधीशों के पास ही रहनी चाहिए।

## नातियों के साथ पैदल जा रहे व्यक्ति को थार ने कुचला, तीनों की मौत

- खेड़कीमाजरा में हादसे के बाद आरोपी वाहन छोड़कर भागा
- पुलिस ने गुरुग्राम से दबोचा

**गुरुग्राम।** पटौदी थाना एरिया में शुक्रवार की रात को खेड़कीमाजरा गांव में दो नातियों के साथ पैदल जा रहे व्यक्ति को थार ने कुचल दिया। हादसे में तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी थार चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए गुरुग्राम भेज दिया। वहीं इस हादसे के बाद पूरे गांव मातम पसरा हुआ है। पुलिस में दी शिकायत में गांव खोड़ निवासी सलीम ने कहा कि वह गांव के साथ लगते लोकरा रोड़ पर प्लॉट पर रहता है। जबकि उसका भाई सुभाष (60) गांव में ही रहता था। छुट्टियों के चलते सुभाष के नाती इशांत (10 वर्ष) व जैद खान (8 वर्ष) भिवाड़ी के मिलकपुर गुर्जर गांव खोड़ में अपने नाना के पास के आए थे। शुक्रवार को सुभाष अपने नाती इशांत व जैद को लेकर सलीम के घर पर आया था। रात्रि करीब साढ़े दस बजे सुभाष अपने नाती इशांत व जैद को लेकर वापिस अपने घर की ओर जा रहा था। कुछ ही दूर चलने पर पीछे से आई एक तेज रफ्तार थार ने उनको कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे को अंजाम देकर चालक अपनी थॉर को मौके पर छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई करते हुए आरोपी थॉर चालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त को थॉर भी बरामद कर लिया। आरोपी चाल की पहचान दीपांशु (25) निवासी गांव गोरियावास जिला गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।



### कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर से विशेष बातचीत

# शालीनता व अनुशासन से सदन की प्रतिष्ठा बढ़ेगी अव्यवस्था से जनता का भरोसा कमजोर होगा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता यूटी खादर पांचवी बार विधायक बनकर कर्नाटक विधानसभा में पहुंचे हैं। खादर ने साफ कर दिया है कि बात पक्ष और विपक्ष की नहीं है, बल्कि विस की गरिमा का ध्यान रखकर जनता से जुड़ मुद्दों के प्रभावी समाधान की ओर बढ़ना होगा। मात्र शोरगुल, हंगामा और व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप तक सीमित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वे एक स्पष्ट और ईमानदार सच्चे दिल के इंसान हैं। कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने बेंगलुरू स्थित अपने सरकारी आवास पर बातचीत में क्षेत्र स्पष्ट किया कि विधानसभा केवल एक इमारत नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों के सामूहिक व्यवहार और जिम्मेदारी से चलने वाली संस्था है। सदन की कार्यवाही को अनुशासनात्मक और व्यवस्थित ढंग से चलाना सभी साथी विधायकों की जिम्मेदारी है, बात पक्ष विपक्ष की नहीं है, तभी जनता के मुद्दों का प्रभावी समाधान संभव है।

### लोकतंत्र में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका भी अहम

विस अध्यक्ष यूटी खादर ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि कि विधानसभा की गुणवत्ता उसके सदस्यों के आचरण से तय होती है। किसी भी प्रदेश की विस हो, व्यवधान से लोकतंत्र कमजोर होता है, स्वस्थ बहस से नीति निर्माण मजबूत होता है। विस का कहना है कि मात्र सत्ता पक्ष ही नहीं बल्कि विपक्ष दोनों की भूमिका अहम है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी को लेकर उन्होंने एक सवाल के उत्तर में कहा कि राहुल गांधी नेकदिल, स्पष्टवादी और ईमानदार व्यक्ति हैं। राहुल गांधी ऐसे नेता हैं जिनमें: सरल जीवनशैली और स्पष्ट और साफ राजनीतिक सोच दिखाई देगी। ऐसे व्यक्तित्व लोकतंत्र में संवाद को बेहतर बनाने और राजनीति को जनहित से जोड़ने का काम करते हैं।



### देश के विकास के लिए सहयोग की भावना जरूरी

अध्यक्ष ने कहा कि विधायक केवल विरोध के लिए विरोध न करें, बल्कि रचनात्मक सुझाव भी रखें और विस के सत्र में आकर सरकार को बेहतर काम करने के लिए अपना हर संभव सहयोग दें। कर्नाटक विस में विधायकों की संख्या 224 और यहां पर एमएलसी भी हैं। उन्होंने कहा कि भले ही सीधे जीतकर सदन नहीं आएं लेकिन एमएलसी का अपना अहम योगदान है। बेहतर तैयारी के साथ कई एमएलसी बेहतरीन कामकाज करते हैं। कर्नाटक के हित में कई ने बेहद ही अहम सुझाव और रचनात्मक काम किए हैं बजट सत्र को लेकर विस अध्यक्ष का कहना है कि राज्य की दिशा तय करने का यही वक्त था।कर्नाटक विधानसभा में हमारा प्रयास हैं कि बेहतर से बेहतर काम हो। यहां सुबह नौ बजे से रात्रि दस दस बजे तक मुद्दों पर रचनात्मक चर्चा होती है।

### गुरुग्राम में प्रदेश का पहला सेफ स्कूल जोन शुरू

गुरुग्राम। बच्चों की सड़ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम के कादीपुर में हरियाणा का पहला सेफ स्कूल जोन शुरू किया गया। यह पहल सरकारी स्कूल के आसपास सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस परियोजना के बारे में हरियाणा सरकार के पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव तथा उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री और बादशाहपुर के विधायक राव नरबीर सिंह ने कहा कि यह परियोजना उनके लिए बेहद खास है, क्योंकि इसमें बच्चों की सुरक्षा, उनका भविष्य और पर्यावरण—तीनों का समावेश है। उन्होंने कहा कि अगर कोई सडक़ छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित है, तो वह सभी के लिए सुरक्षित मानी जाएगी। सरकार राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे कई सेफ स्कूल जोन विकसित करेगी। 'राहगीरी फाउंडेशन' द्वारा गुरुग्राम विजन ज़ीरो कार्यक्रम के तहत इस परियोजना को नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) के सहयोग से लागू किया गया है।

**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDRATION LIMITED**
District Office Hafed, Jind road Kaithal ( Haryana)
TEL: 01746-222626, E-mail id : gmhafedktl@hry.nic.in

**TENDER NOTICE**

Hafed invites offers from scientific godown/plinth owners (already constructed) for storage of wheat and other food grains for the year 2026-27 on actual utilization basis at various Centers i.e. Kaithal, Kalayat, Cheeka, Pundri and Dhand in Kaithal District.

The Interested parties are required to apply on plain paper giving complete details of the sire, capacity, contact number and other facilities available in the complex. The offer will be received and opened on 30.03.2026 at 02:30 PM and negotiated in the presence of Parties who wish to present on the same say in District Office, Hafed, Kaithal and final decision will be conveyed after inspection of the godowns/plinths and other technical parameters.

The capacity shall be increased or decreased as per the requirement of Hafed. The preference shall be given to the godown having better infrastructure and suitable capacity as per Hafed norms.

Hafed reserved the rights to accept or reject any/all the matters without assigning any reason.

**District Manager**
**Hafed, Kaithal.**

## खबर संक्षेप

### कुरुक्षेत्र : धान घोटाले में दूसरी एफआईआर

**कुरुक्षेत्र।** जिले में धान घोटाले में दूसरी एफआईआर इस्माईलाबाद में दर्ज की गई है। फिजिकल वेरिफिकेशन के बाद जगदंबा राइस मिल में 38,894.92 क्विंटल धान और 17,860 बैग नया बारदाना गायब पाए गए, जिसकी कीमत करीब 11.25 करोड़ रुपए बताई गई है।24 मार्च को विभाग की टीम ने मिल की जांच की थी और रिकॉर्ड से तुलना करने पर यह कमी सामने आई। चालू खरीफ सीजन में हैफेड ने मिल को कुल 59,115 क्विंटल धान मिलिंग के लिए दिया था, लेकिन 38,894.92 क्विंटल धान कम पाया गया। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने कार्रवाई न होने पर पहले ही प्रदर्शन की चेतावनी दी थी।

### एपीके फाइल डाउनलोड करवा 12.30 लाख ठगे

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग जगहों पर आरटीओ चालान से जुड़ी फर्जी एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर साइबर ठगों ने 12.30 लाख रुपये की साइबर ठगी की। पहले मामले में अज्ञात आरोपियों ने ढांड के गांव जड़ौला में एक बुजुर्ग डिपो धारक से 5 लाख तो दूसरे मामले में राजौंद में एक शिक्षक से 7.30 लाख रुपए ठग लिए गए। अज्ञात साइबर ठगों ने मोबाइल में एप इंस्टॉल करवाकर बैंकिंग जानकारी हासिल की और खातों से रकम निकाल ली। दोनों मामलों में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर ढाई करोड़ हड़पे

**यमुनानगर।** यमुनानगर में क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर ढाई करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप रमेश दत्ता, अमित खेड़ा, हेमंत भटनागर, हनीक सिंह, विनय गुप्ता व दत्ता प्रियांशु पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मॉडल टाउन निवासी सुखप्रीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पहचान आरोपी रमेश दत्ता से हुई थी। रमेश दत्ता ने उसे बीएफएक्स प्रो की क्रिप्टो कंपनी में निवेश करने का झांसा दिया और हर महीने छह प्रतिशत तक मुनाफा देने का दावा किया। शुरूआत में उसने खुद निवेश कर मुनाफा मिलने की बात कही, जिससे वह उसके झांसे में आ गया। उसने बताया कि उसने पहले करीब 2.24 लाख रुपये निवेश किए। जिस पर कुछ समय तक उसे मुनाफा मिलता रहा।

## पानीपत के बाद अब बवानीखेड़ा में गैंगस्टरों का खौफ

# पत्थर बंधी पर्ची फेंककर गैस एजेंसी संचालक से मांगी 5 लाख की रंगदारी

- चादर ओढ़े संदिग्ध व्यक्ति सीसीटीवी में हुआ कैद
- रकम नहीं देने पर एजेंसी बंद करवाने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

कस्बा बवानीखेड़ा में एक गैस एजेंसी संचालक से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पत्थर फेंककर उस पर पर्ची बांधकर 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रकम नहीं देने पर गैस एजेंसी बंद करवाने की धमकी दी।

पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें एक व्यक्ति चादर ओढ़े दिखाई दे रहा है। बवानीखेड़ा


सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी।

पुलिस को दी शिकायत में बाला बंसल ने बताया कि उनकी बवानीखेड़ा में गैस एजेंसी है। शनिवार सुबह वह घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं। कुछ सामान लेने के लिए अंदर गईं तो बाहर से आवाज सुनाई दी। बाहर आकर देखा तो एक पत्थर पड़ा हुआ था। इसके बाद उन्होंने अपने पति को फोन किया। उनके पति अशोक बंसल घर पहुंचे और पत्थर से बंधी पर्ची को खोलकर देखा। पर्ची में लिखा था कि 5 लाख रुपये दो, नहीं तो एजेंसी नहीं चलने दी जाएगी और परेशान किया जाएगा। इससे परिवार में डर का माहौल बन गया। महिला ने बताया कि वह दिनभर घर पर अकेली रहती हैं, जिससे उन्हें और अधिक भय लग रहा है। अशोक बंसल ने बताया कि पहले भी एक-दो बार एक व्यक्ति ने गैस सिलेंडर को लेकर धमकी दी थी कि यदि सिलेंडर नहीं दिया तो आरटीआई लगाएगा, लेकिन उस समय शिकायत नहीं की गई थी।

**जांच की जा रही**

> पर्ची में 5 लाख रुपये की मांग की गई है और एजेंसी बंद करवाने की धमकी दी गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> -सुरेश कुमार, बवानीखेड़ा थाना प्रभारी

### 'अभेद्य' ऐप का कमाल: सोनीपत में फिरौती गैंग के पांच आरोपी गिरफ्तार

**सोपीपत।** हरियाणा पुलिस के 'अभेद्य' ऐप की मदद से सोनीपत पुलिस ने अंतरराज्यीय फिरौती गैंग का भंडाफोड़ कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली के नरेला क्षेत्र के रहने वाले हैं। जांच में सामने आया कि ऐप के चलते विदेशी नंबरों का इस्तेमाल मुश्किल होने पर अपराधियों ने स्थानीय नंबरों का उपयोग किया, जिससे पुलिस ने उन्हें ट्रैक कर बहालगढ़ में दबोच लिया। गिरोह कई राज्यों में सक्रिय था और लोगों से धमकाकर फिरौती मांगता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध हथियार, तीन मोबाइल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मामले में आगे जांच जारी है। ऐप की सफलता को देखते हुए चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों की पुलिस ने भी इसमें रुचि दिखाई है।

### गोल्डी बराड़ के नाम पर चौथ मांगने वाला आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना शहर के एक प्रतिष्ठित व्यापारी को कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के नाम पर धमकाने और रंगदारी मांगने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस हाई-प्रोफाइल फिरौती कांड के तीसरे मुख्य आरोपी को बिहार के पश्चिम चंपारण जिले से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जियाउल हक पुत्र शेख फकरे आलम निवासी जोकटिया, जिला पश्चिम चंपारण, बिहार के रूप में हुई है। टोहाना पुलिस की एक विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बिहार में दबिश देकर इसे काबू किया। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इस बारे अमित जैन निवासी जैन गली, टोहाना ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।


रेवाड़ी। मंडी के गेट पर सरसों की नमी चेक करता हैफेड अधिकारी।

## हरियाणा में पहले दिन सरसों खरीद रही धीमी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सरसों खरीद के पहले दिन मंडियों में रफ्तार धीमी रही। कई मंडियों में किसानों की कम आवक देखने को मिली, जिससे खरीद प्रक्रिया सुस्त रही। अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती दिनों में आमतौर पर आवक कम रहती है, जो आने वाले दिनों में बढ़ने की उम्मीद है। किसानों ने बताया कि कुछ स्थानों पर व्यवस्थाएं पूरी तरह से सुचारू नहीं होने के कारण भी वे अपनी फसल लेकर मंडियों में नहीं पहुंचे।

**रेवाड़ी: नहीं हुई खरीद**
सरसों के दाम अधिक होने के कारण हैफेड एक भी दाना फसल नहीं खरीद पाई। रेवाड़ी अनाजमंडी में अब तक 70 हजार क्विंटल के करीब सरसों ओपन में बेची जा चुकी है।

**हिसार: निजी स्तर पर बेच रहे**
हिसार में सरसों की आवक धीमी रही है और जो भी किसान सरसों लेकर आ रहे हैं वे निजी स्तर बेच रहे हैं क्योंकि निजी स्तर पर 6700 रुपये प्रति क्विंटल के आसपास सरसों खरीद रहे हैं।

**जींद: कम पहुंची सरसों**
जींद में सरसों की आवक धीमी रही निजी स्तर पर 7000 प्रति क्विंटल खरीदी जा रही है निजी स्तर पर अच्छा भाव मिलने के कारण किसान सरकारी खरीद एजेंसियों की तरफ नहीं जा रहे हैं।

**सोनीपत: केंद्रों पर सन्नाटा**
नई अनाज मंडी में शनिवार से सरसों की सरकारी खरीद प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी गई है, लेकिन पहले दिन सरकारी केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा।

**कुरुक्षेत्र: 7596 क्विंटल सरसों पहुंची**
कुरुक्षेत्र की थानेसर अनाज मंडी में अब तक सरसों की 7596 क्विंटल आवक पहुंची है जोकि पिछले वर्ष से 5 हजार क्विंटल अधिक है। पिछले वर्ष करीब 2500 क्विंटल सरसो मंडी में आई थी।

## हनीट्रैप गिरोह पर एक और केस दर्ज

**महिला वकील समेत 3 की बढ़ी मुश्किलें, 10 लाख की रंगदारी का आरोप**

- शादी का झांसा देकर सुनसान जगह बुलाकर बनाया था शिकार
- रेप केस में फंसाने की धमकी देकर मांगे थे रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सिविल अस्पताल के मलेरिया इंस्पेक्टर को हनीट्रैप में फंसाकर लाखों रुपये ऐंठने के मामले में जेल में बंद महिला वकील पूजा शर्मा और उसके साथियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। अब इसी गिरोह पर एक और व्यक्ति को हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने का नया मामला दर्ज किया गया है।पीड़ित गांव अटावला निवासी सतपाल ने बताया कि 30 मई 2025 को वह किसी काम से पानीपत कोर्ट आया था, जहां उसकी मुलाकात अंजू कादियान से हुई। अंजू ने खुद को तलाकशुदा बताते हुए उससे शादी का झांसा दिया और अगले दिन



मिलने के बहाने एक सुनसान कमरे में बुला लिया।वहां पहले से मौजूद सोनू जागलान ने सतपाल पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और 10 लाख रुपये की मांग की। डर के माहौल में बाद में महिला वकील पूजा शर्मा को बुलाया गया, जिसने 6 लाख रुपये में समझौता करवाने का दबाव बनाया। पीड़ित ने मौके पर 2.40 लाख रुपये दे दिए, जबकि बाकी रकम के लिए जबरन स्टाम्प पेपर पर लिखवा लिया गया।पीड़ित के अनुसार, बाकी पैसे न देने पर आरोपियों ने उसके घर बदमाश भेजकर ट्रैक्टर उठाने की कोशिश भी की, जिससे डरकर वह लंबे समय तक हिमाचल में छिपा रहा।इस बीच, जब इसी गिरोह ने मलेरिया इंस्पेक्टर को निशाना बनाया और पुलिस के हत्थे चढ़े, तब पीड़ित ने हिम्मत जुटाकर नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्ष सविता आर्या के माध्यम से एसपी से शिकायत की।एसपी के निर्देश पर पुलिस ने महिला वकील पूजा शर्मा, अंजू कादियान और सोनू जागलान के खिलाफ एक और हनीट्रैप व ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज कर लिया है।

**गिरोह के डर से हिमाचल में छिपा था इंस्पेक्टर**
बाकी पैसे न देने पर आरोपियों ने सतपाल के घर 5-6 बदमाश भेजे और उसका ट्रैक्टर उठाने की कोशिश की। पीड़ित काफी समय तक हिमाचल में छिपा रहा। गिरोह का खुलासा तब हुआ जब इन्हीं आरोपियों ने पानीपत सिविल अस्पताल के मलेरिया इंस्पेक्टर राजेश को इसी तरह अपना शिकार बनाया और रंगे हाथों पकड़े गए। इसके बाद सतपाल ने हिम्मत जुटाकर सविता आर्या और पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई।

### हाईवे पार करते समय व्यक्ति को कार ने रौंदा


**सोनीपत।** राई क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला, जहां हाईवे पार कर रहे एक व्यक्ति को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। यह हादसा कुंडली थाना क्षेत्र में सेरसा-जांटी मोड़ के पास हुआ। एक प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार शाम अपने काम से लौट रहा था। इसी दौरान एक व्यक्ति सड़क पार कर रहा था, तभी तेज गति से आ रही कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

## थ्रेसर से कटकर टुकड़े-टुकड़े हुआ युवक

***सिरसा में पैर लटकाकर मशीन पर बैठा था युवक, चेन ने अंदर खींच लिया, भूसे के ढेर से निकला कटा पैर***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव सादेवाला में थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव सादेवाला निवासी अनिल शुक्रवार देर शाम को थ्रेशर से सरसों निकाल रहा था और इसी दौरान मशीन की चपेट में आ गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर थ्रेशर पर काम कर रहे अन्य लोगों ने मशीन को बंद किया, लेकिन तब


दोस्त के कहने पर थ्रेसर मशीन चलाने पहुंचा था युवक

तक अनिल की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में सिरसा के नागरिक अस्पताल में भिजवाया। प्रत्यक्षद ` अनुसार अनिल का पैर अचानक थ्रेसर में फंस गया, जिससे वह पूरी तरह कट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अनिल अपने भाई के साथ गांव सादेवाला में रहता था, जबकि उसकी मां पलवल में एक गन्ना मिल में नौकरी करती है। अनिल गांव में थ्रेशर से सरसों निकाल रहे एक व्यक्ति के साथ गया था। अनिल थ्रेशर मशीन पर बैठा था अचानक उसका पैर थ्रेशर की चेन में फंस गया और कुछ ही क्षण में अनिल की मौत हो गई।




# अमेरिका में करनाल के युवक की हत्या

**60 लाख खर्च कर 'डंकी' रूट से पहुंचा था जॉर्जिया, परिवार में मातम**

हरि भूमि न्यूज ▶▶| इन्द्री

इन्द्री क्षेत्र के गांव समौरा के एक परिवार की खुशियों को ग्रहण लग गया है। करीब दो साल पहले सुनहरे भविष्य का सपना लेकर अमेरिका गए 25 वर्षीय युवक चेतक शर्मा उर्फ लाखा की जॉर्जिया में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। शनिवार तड़के जैसे ही यह खबर गांव पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन अब सरकार से अपने लाडले का शव वतन लाने की गुहार लगा रहे हैं। मृतक के पिता रिशाल सिंह ने रुंधे गले से बताया कि चेतक को अमेरिका भेजने के लिए परिवार ने अपनी जमा-पूंजी और कर्ज मिलाकर करीब 60 लाख रुपये खर्च किए थे। चेतक वर्ष 2023 में घर से निकला था और करीब 7 महीने के बेहद कठिन 'डंकी' सफर को तय कर 2024 में अमेरिका पहुंचा था। वहां वह जॉर्जिया में एक गुजराती स्टोर संचालक के पास स्टोरकीपर की नौकरी कर रहा था और परिवार की आर्थिक उम्मीदों का एकमात्र सहारा था।

**वारदात से 3 घंटे पहले हुई थी आखिरी वीडियो कॉल**

परिजनों के अनुसार, चेतक बेहद मिलनसार और धार्मिक स्वभाव का था। घटना वाले दिन घर में पूजा-पाठ का आयोजन था। वारदात से महज 3 घंटे पहले चेतक ने वीडियो कॉल के जरिए घर की पूजा में हिस्सा लिया था और परिवार से बात की थी। बातचीत के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया।

**रूममेट से पूछताछ**
**20 दिन पहले ही लौटा था भारत**

ब्राह्मण सभा इन्द्री के प्रधान और पूर्व सरपंच सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना चेतक के कमरे के अंदर हुई है। स्थानीय अमेरिकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने चेतक के रूममेट को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ताकि हत्या के कारणों का स्पष्ट पता चल सके। गांव समौरा का ही एक अन्य युवक भी रहता था।

## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में हिसार कृषि विवि का जलवा

# एचएयू को मिला देश में दूसरा स्थान

- वैश्विक स्तर पर 301-350 रैंक में बनाए रखा मजबूत स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय देश में ही नहीं अपितु विश्व स्तर पर अपना परचम लहराते हुए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में विश्वविद्यालय ने 301-350 रैंकिंग में अपना स्थान बनाएं रखने में कामयाब हुआ है। कृषि विश्वविद्यालयों में हकृवि ने कृषि और वानिकी में देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग दुनिया भर के विश्वविद्यालयों का प्रमुख वार्षिक मूल्यांकन है, जो रोजगार क्षमता,




शैक्षणिक प्रतिष्ठा, शोध पत्र गुणवत्ता और संकाय-छात्र अनुपात के आधार पर किया जाता है।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि यह छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ संस्थान चुनने में मदद करती है। यह रैंकिंग कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और नवाचार को दर्शाती है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के निरंतर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्य तथा कृषि क्षेत्र में उसके उल्लेखनीय योगदान का प्रमाण है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग विश्वभर के उच्च शिक्षण संस्थानों का एक विश्वसनीय और व्यापक मूल्यांकन है। इसमें विश्वविद्यालयों का आकलन शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, शिक्षक-छात्र अनुपात, शोध गुणवत्ता, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक प्रभाव जैसे मानकों के आधार पर किया जाता है। हकृवि का इस सूची में शामिल होना यह दर्शाता है कि विश्वविद्यालय न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी सशक्त पहचान बना रहा है।

**सामूहिक प्रयासों का परिणाम: कुलपति**



वीसी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विश्वविद्यालय के समर्पित शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और किसानों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। -प्रो. बीआर काम्बोज, कुलपति एचएयू

## खबर संक्षेप

### खड़ी गाड़ी में लगी आग, जिंदा जला मासूम

**महू।** सिमरोल थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे स्विफ्ट कार में आग लग गई। इससे कार में बैठा बच्चा जिंदा जल गया और उसकी मौत हो गई। 4 साल का चिराग अपने पिता संजय बढ़िया के साथ घूमने निकला था। संजय मैकेनिक हैं। वह डीजे वाली गाड़ी का काम कर रहे थे। इसी दौरान जिस गाड़ी में चिराग बैठा था, उसमें अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी कार उसकी चपेट में आ गई।

### लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को रियासी जिले में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के लिए काम करने वाले एक व्यक्ति की अचल संपत्ति कुर्क की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी मोहम्मद कासिम के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 25 के तहत कुर्की की यह कार्यवाही आतंकी समर्थक तंत्र को खत्म करने के अभियान का हिस्सा थी। उन्होंने बताया कि 2024 में महोरे थाने में यूएपीए, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी में कासिम नामजद है।

### पंजाब कांग्रेस नेता लाल सिंह का निधन

**पटियाला।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री लाल सिंह का शनिवार को निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पंजाब कांग्रेस के भीष्म पितामह के नाम से मशहूर 84 वर्षीय नेता ने मोहाली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उन्होंने दिन में पहले चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई। पंजाब की राजनीति में एक दिग्गज हस्ती रहे हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**पश्चिम एशिया में संकट : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंत्री समूह की बैठक**

# तेल-गैस की सप्लाई टूटेगी नहीं, खाड़ी में फंसे हर भारतीय की हरसंभव 'मदद'

*कच्चे तेल की आपूर्ति में आई रुकावट की भरपाई रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका और लातिनी अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से आंशिक रूप से की गई है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले के बाद पश्चिम एशिया में बिगड़े हालात और उसके भारत पर पड़ने वाले संभावित असर के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को मंत्रियों के अनौपचारिक समूह की बैठक बुलाई। इसमें तेल व गैस की निगरानी और उसकी उपलब्धता पर बात हुई। साथ ही, तय किया गया कि देश में तेल व गैस की सप्लाई को अबाध रखा जाएगा। इसके अलावा खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीयों की हरसंभव मदद की जाएगी।

बैठक में होर्मुज के रास्ते से आ रहे तेल व गैस टैंकरों की आवाजाही और ईरान सरकार से समनव्य को लेकर भी मंथन हुआ। एलपीजी का लगभग 85-95 प्रतिशत और गैस का 30 प्रतिशत होर्मुज स्ट्रेट से आता है। हालांकि, कच्चे तेल की आपूर्ति में आई रुकावट की भरपाई रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका और लातिनी अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से आंशिक रूप से की गई है, लेकिन औद्योगिक और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं को गैस और एलपीजी की आपूर्ति में कटौती बरकरार है। गौर हो कि कि इससे पहले शुक्रवार को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्रियों और केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की थी। इस बैठक में पश्चिम एशिया के हालात और उसके संभावित प्रभावों के मद्देनजर राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई थी।

**इससे पहले पीएम मोदी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की थी बात**



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

» ***अगले दो महीनों के लिए तेल व गैस की सप्लाई पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है***

» ***रिफाइनरियां अपनी पूरी या उससे भी अधिक क्षमता पर काम कर रही***

**सरकार का दावा...**

### घरेलू एलपीजी उत्पादन में लगभग 20 फीसदी की बढ़ोतरी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भरोसा दिया कि मिडिल ईस्ट संघर्ष के कारण आई बाधाओं के बावजूद देश के पास कच्चे तेल, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि शनिवार की तारीख में हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। अगले दो महीनों के लिए सप्लाई पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। शर्मा ने बताया है कि रिफाइनरियां अपनी पूरी या उससे भी अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं। यही नहीं, घरेलू एलपीजी उत्पादन में लगभग 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

**पीएम के मुख्यमंत्रियों से संवाद के बाद हुई बैठक**

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बीते शुक्रवार को संघर्ष के बीच बनी हुई स्थिति की व्यापक आधार पर समीक्षा को लेकर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से किए गए वर्चुअल संवाद के बाद यह बैठक आयोजित की गई है। प्रधानमंत्री ने भी राज्यों के प्रमुखों से यह अपील की थी वो इस मौजूदा परिस्थिति के बीच टीम इंडिया की तर्ज पर सतर्कता, तैयारी और केंद्र-राज्यों के बीच संयुक्त निर्णयों के समन्वित कार्रवाई के आधार पर क्रियान्वयन करने पर जोर दिया। साथ ही ये भी कहा कि क्योंकि हालात लगातार परिवर्तित होने वाले हैं। इसलिए हमें निरंतर निगरानी और उसके साथ-साथ अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण जैसे मुद्दे पर भी ध्यान केंद्रित करना पड़ेगा। राज्यों को पीएम ने बैठक में यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता देश के आम लोग, उनकी ऊर्जा-खाद्य व आर्थिक सुरक्षा को हर हाल में बनाए रखना है। उक्त क्षेत्र में रह रहे भारत के नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण भी केंद्र के एजेंडे में शीर्ष प्राथमिकता के रूप में शामिल है।

**अयोध्या के राजघाट में महायज्ञ**

# अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग से मची अफरा-तफरी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां के राजघाट में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ, स्वामी जी महाराज के द्वारा कराया जा रहा है। महायज्ञ परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में कराया जा रहा है। फायर ब्रिगेड की रेस्क्यू टीम मौके पर मौजूद हैं और रेस्क्यू में जुटी हैं। मौके पर दमकल की 4 गाड़ियों ने आग पर काबू पाने की मशक्कत की।

**मंत्री बोले- किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई**



मंत्री दयाशंकर ने कहा कि सबसे बड़ी संतोष की बात यह है कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। प्रशासन की ओर से टेक्निकल टीम को जांच के लिए लगाया जाएगा ताकि वास्तविक कारणों का खुलासा हो सके।

### 'अर्थ आवर' : दिल्ली के प्रतिष्ठित स्मारकों और इमारतों की बुझा दी गईं बत्तियां



**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली ने अन्य शहरों के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए 'अर्थ आवर' में हिस्सा लिया और इंडिया गेट, लाल किला तथा कुतुब मिनार समेत विभिन्न प्रतिष्ठित स्मारकों और इमारतों में शनिवार रात साढ़े आठ से रात साढ़े नौ बजे तक बत्तियां (लाइट) बंद रखीं। 'अर्थ आवर' के कारण दिल्ली में 216 मेगावाट बिजली की बचत हुई। वितरण कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि बीएसईएस वितरण कंपनियों ने 174 मेगावाट और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) ने निर्धारित समय के दौरान 73 मेगावाट बिजली की बचत की। बिजली वितरण कंपनियों ने दिल्लीवासियों से 'अर्थ आवर' के दौरान गैर-जरूरी होने पर बत्ती नहीं जलाने और बिजली के उपकरणों को बंद करने का आग्रह किया था।

**अर्थ आवर क्या होता है?**

अर्थ आवर का मतलब सिर्फ लाइट बंद करना नहीं है बल्कि यह मानसिक रूप से तनावमुक्त होने और प्रकृति से जुड़ने का भी एक शानदार अवसर है। चाहे आप अकेले हों या अपने प्रियजनों के साथ, हमारे पास अर्थ आवर मनाने के लिए ढेर सारी गतिविधियां हैं! ऊर्जा संरक्षण के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण कदम है। इसकी शुरुआत 2007 में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी, न्यू साउथ वेल्स, ऑस्ट्रेलिया में एक बत्तियाँ बंद करने के कार्यक्रम के रूप में हुई थी।

## देश में मातृ मृत्यु दर में 80 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत में मातृ मृत्यु दर 1990 के मुकाबले 2023 में लगभग 80 प्रतिशत कम हो गई। इस दौरान यह दर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 508 से घटकर 116 हो गई। एक नयी रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। 'द लांसेट ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी एंड वीमेन्स हेल्थ जर्नल' में प्रकाशित एक नई वैश्विक विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2023 में कुल 24,700 मातृ मृत्यु के मामले दर्ज किए गए, जिससे मातृ मृत्यु अनुपात प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 116 रहा। अनुमानों के अनुसार, इसी वर्ष पाकिस्तान में कुल 10,300 मातृ मृत्यु के मामले सामने आए, जबकि अफ्रीकी देशों इथियोपिया और नाइजीरिया में क्रमशः 11,900 और 32,900 मातृ मृत्यु दर्ज की गईं। वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के 'इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्युएशन' (आईएचएमई) के शोधकर्ताओं और वैश्विक सहयोगियों के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि पिछले तीन दशकों में मातृ मृत्यु में कमी आई है, लेकिन हाल के वर्षों में प्रगति की रफ्तार धीमी पड़ी है और यह विभिन्न देशों में असमान बनी हुई है। उन्होंने बताया कि 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी) अध्ययन 2023 तक 204 देशों और क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर के रुझानों का सबसे अद्यतन वैश्विक आकलन प्रस्तुत करता है। नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) 2021-23 के अनुसार, देश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) प्रति लाख जीवित जन्मों पर 88 है।

- **नई वैश्विक विश्लेषण रिपोर्ट में दावा, वर्ष 2023 में कुल 24,700 मातृ मृत्यु के मामले दर्ज किए गए**

**मौसम विभाग की चेतावनी**

## आज हरियाणा, दिल्ली समेत 13 राज्यों में बारिश-आंधी का अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देश में मौसम एक बार फिर से बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग ने कल यानी 29 मार्च से यूपी, दिल्ली सहित 13 राज्यों के लिए बारिश-आंधी की चेतावनी जारी कर दी है। इस दौरान 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। इसके अलावा कुछ राज्यों में ओले पड़ने की भी चेतावनी है। इस दौरान किसानों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फसलों को नुकसान हो सकता है।

**अन्य राज्यों का हाल**

- मौसम विभाग के मुताबिक 29 से 31 मार्च के बीच दिल्ली, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान में मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की
- वहीं, 30 से 31 मार्च को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवा चलेगी।
- इसके अलावा 28 से 30 मार्च के बीच पंजाब में भारी बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है, इसके साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।
- आईएमडी के मुताबिक 29 से 30 मार्च के बीच हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### गलगोटियाज विश्वविद्यालय कंप्यूटर साइंस के लिए क्यूएस रैंकिंग 2026 में टॉप वैश्विक संस्थानों में से एक

**नई दिल्ली।** गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने पिछले कुछ वर्षों में भारत में टेक्नोलॉजी-केंद्रित शिक्षा में तेजी से बढ़ते योगदानकर्ता के रूप में लगातार अपनी पहचान बनाई है। कंप्यूटर साइंस और इंफॉर्मेशन सिस्टम में क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में इसकी हालिया मान्यता इसी यात्रा को दर्शाती है। यह रैंकिंग महज एक मील का पत्थर नहीं है, बल्कि एक मजबूत एकेडमिक और रिसर्च इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में दशकों के निरंतर प्रयास का परिणाम है। 2026 की रैंकिंग में गलगोटियाज विश्वविद्यालय को कंप्यूटर साइंस और इंफॉर्मेशन सिस्टम के लिए वैश्विक स्तर पर 601-650 बैंड में रखा गया है। भारत में इस विषय में यह निजी विश्वविद्यालयों में 11वे स्थान पर और सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों में 30वें स्थान पर है। ये परिणाम लगातार प्रगति और राष्ट्रीय एवं वैश्विक शैक्षणिक परिदृश्य में एक मजबूत उपस्थिति का संकेत देते हैं। इस मान्यता को एकेडमिक गुणवत्ता, इंडस्ट्री-अनुकूल पाठ्यक्रम डिजाइन और एक छात्र केंद्रित सक्रिय शिक्षण इकोसिस्टम पर निरंतर ध्यान देने से आकार मिला है। इन वर्षों में विश्वविद्यालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए काम किया है। यह उपलब्धि इनोवेशन, सहयोग और निरंतर सुधार को महत्व देने वाले माहौल को आगे बढ़ाने में फैकल्टी, स्टूडेंट्स, संस्थागत भागीदारों और इंडस्ट्री कोलेबोरेशन के सामूहिक प्रयासों को भी दर्शाती है। वैश्विक मांग और टेक्नोलॉजी टैलेंट के निरंतर विकास के साथ गलगोटियाज यूनिवर्सिटी का उद्देश्य इस नींव को आगे बढ़ाना और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल व भारत की नॉलेज इकोनॉमी के विकास में सार्थक योगदान देना है। विश्वविद्यालय का कंप्यूटर साइंस और इंफॉर्मेशन सिस्टम उत्तर प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में दूसरे स्थान पर है, जो न केवल विश्वविद्यालय के लिए एक उपलब्धि है। बल्कि उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय के लिए भी एक उपलब्धि है, जो वैश्विक ज्ञान का गंतव्य बन रहा है। उत्तर प्रदेश सिर्फ विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों को ही आकर्षित नहीं कर रहा है, बल्कि यहां एशिया के सबसे बड़े जेवर एयरपोर्ट (गलगोटियाज विश्वविद्यालय के निकट) का उद्घाटन भी हो गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडस्ट्री इकोसिस्टम को काफी बढ़ावा मिलेगा, जिससे इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में नौकरियों का सृजन होगा। कंप्यूटर साइंस और इंफॉर्मेशन सिस्टम के लिए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 से मान्यता मिलना गलगोटियाज यूनिवर्सिटी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। मान्यता से अधिक यह हमारी यात्रा और प्रयासों को दर्शाता है, जिन्होंने वर्षों से इसे आकार दिया है। यह महज एक मील के पत्थर का परिणाम नहीं है, बल्कि एक मजबूत गुणवत्ता वाले एकेडमिक इकोसिस्टम के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम है।

**सूचना**

हम, राजपाल पुत्र श्री प्रहलाद सिंह पुत्र नाहन्टा व श्रीमती कैलाश पत्नी श्री राजपाल पुत्र श्री प्रहलाद सिंह निवासी मकान नं. 256/2, नजदीक रेलवे फाटक बसाना रोड़, कलानौर, तहसील कलानौर, जिला रोहतक बयान करते हैं कि हमारा पुत्र विक्रम व पुत्रवधु श्रीमती लाजवन्ती हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Deepti,
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Subhash
Vs.
General Public
CNR No. HRSO02-001800-2025
Next Date:- 27-05-2026
Prayed that in view of the above mentioned facts a succession certificate may please be issued in favour of the petitioner in the interest of justice.
PUBLICATION ISSUED TO:
General Publ c :-
Sonipat Haryana
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 27-05-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge
(Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 19-03-2026

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Deepti
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
State Bank of India
Vs.
Neelam Sharma
CNR No. HRSO02-000269-2020
Next Date:- 29-07-2026
Suit for Recovery of Rs. 601866/- inclusive of interest upt o 15.03.2018 with costs and other incidental charges Prayed for a decree, mention in the plaint may kindly be passed in favour of the plaintiff against the defendant in the interest of justice.
PUBLICATION ISSUED TO:
1. Neelam W/o Pawan Kumar
2. Pawan Kumar S/o Shiv Narain Both R/o Vill. Baiyanpur, Sonipat. Also At Vikas Nagar, Gali No.2, Murthal Road, Sonipat.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 29-07-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge
(Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 24-03-2026

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास चरम पर रहेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। नौकरी-व्यवसाय में नए अवसर आ सकते हैं। धन लाभ के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आर्थिक स्थिति आज मजबूत बनेगी। पुराने लंबित कार्य पूरे होने के संकेत हैं। परिवार में सुख-शांति रहेगी और पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी और मित्रों का सहयोग मिलेगा। सोच-समझकर महत्वपूर्ण निर्णय लें, जल्दबाजी से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — आज भावनाओं पर नियंत्रण रखें। कार्य में सावधानी बरतें, छोटी-छोटी गलतियों से बचें। परिवार का पूर्ण सहयोग मिलेगा, जो आपको बल देगा।

**सिंह** — मान-सम्मान में वृद्धि होगी। सिंह राशि में चंद्रमा होने से आत्मविश्वास और ऊर्जा चरम पर रहेगी। नौकरी में लाभ के योग हैं। धन लाभ संभव है।

**कन्या** — मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी, लेकिन परिणाम संतोषजनक रहेंगे। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**तुला** — रिश्तों में मधुरता आएगी। धन लाभ के अच्छे संकेत हैं। साझेदारी या पार्टनरशिप में सफलता मिलेगी। यात्रा संभव है, जो मनोरंजक साबित होगी।

**वृश्चिक** — शत्रुओं या विरोधियों से सावधान रहें। धैर्य और संयम बनाए रखें। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्य में सफलता मिलेगी, लेकिन मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

**धनु** — यात्रा के योग बन रहे हैं, जो फायदेमंद साबित हो सकती है। नए कार्य में सफलता मिलेगी। धार्मिक या आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर** — जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, लेकिन कार्य में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। बड़े फैसले सोच-समझकर लें।

**कुंभ** — नई योजनाएं आज सफल होंगी। आर्थिक लाभ संभव है। कार्य में प्रगति होगी। मन प्रसन्न रहेगा। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन** — मन शांत और प्रसन्न रहेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी। धन लाभ के योग हैं। यात्रा संभव है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**इलाहाबाद उच्च न्यायालय एकल पीठ की अहम टिप्पणी**

# विवाहित व्यक्ति तलाक लिए बिना लिव-इन संबंध में नहीं रह सकते

भाषा ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि शादीशुदा महिला और पुरुष अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए उनसे तलाक लिए बगैर किसी तीसरे व्यक्ति के साथ कानूनी रूप से सहजीवन (लिव इन) संबंध में नहीं रह सकते। न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकल पीठ ने कहा कि सक्षम अदालत से तलाक हासिल किए बिना न्यायालय लिव-इन संबंध में रहने वाले याचिकाकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई रिट या निर्देश जारी नहीं कर सकता है। बहरहाल, अदालत ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता परेशान हैं या उन्हें किसी प्रकार की हिंसा की आशंका है तो वे एक विस्तृत प्रार्थना पत्र देकर संबंधित पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर सकते हैं और संबंधित अधिकारी प्रार्थना पत्र की विषय वस्तु की जांच कर याचिकाकर्ताओं के जीवन की सुरक्षा के लिए कानून के मुताबिक आवश्यक कार्रवाई करेगा। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने अंजू और उसके पुरुष साथी द्वारा दायर याचिका निस्तारित कर दी जिसमें प्रतिवादियों को उनके ''शांतिपूर्ण जीवन'' में दखल नहीं देने और सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि ''दोनों याचिकाकर्ता पति-पत्नी की तरह साथ रह रहे हैं और उन्हें अपनी जान का खतरा है।''

**मददगार महिला को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा**

**नई दिल्ली।** दुष्कर्म में सहायता करने के आरोप में एक महिला को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने सजा में नरमी न बरतने का मुख्य कारण आपराधिक गतिविधियों में उसकी निरंतर संलिप्तता को बताया है। महिला के बरी के ट्रायल कोर्ट के निर्णय के खिलाफ पुलिस की अपील याचिका पर कोर्ट ने माना कि दोषी ने अपराध में सक्रिय भूमिका निभाई थी। अदालत ने पाया कि उसने पीड़िता को बहला-फुसलाकर बुलाया और दुष्कर्म के दौरान वहां मौजूद रही। इसके साथ ही उसने बाद में उसे धमकाया भी।

**दुष्कर्म में मदद के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया अहम फैसला**

दोषी ने इस आधार पर नरमी बरतने की अपील की कि उसे लंबे समय तक चले मुकदमे का सामना करना पड़ा और वह लगभग नौ महीने तक हिरासत में रही। उसका एक 5वर्षीय बच्चा है जिसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। अदालत ने कहा कि अपराध के बाद भी दोषी का रवैये में सुधरा हुआ नहीं दिखा है। महिला इसके बाद भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रही है। महिला के खिलाफ हत्या के मामले में भी प्राथमिकी हुई थी और वह न्यायिक हिरासत में है। इससे पता चलता है कि एक घटना के बाद भी महिला आपराधिक वारदातों में शामिल रही।

### शब्द पहेली - 6179




**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 6178 का हल**





## खबर संक्षेप

### नवीन व नीतीश 10 को लेंगे राज्यसभा की शपथ



**नई दिल्ली।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद की शपथ लेंगे। शिवेश राम, रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा भी शपथ लेंगे। चर्चा है कि मुख्यमंत्री नीतीश और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को 30 मार्च तक बिहार विधानमंडल की सदस्यता छोड़नी होगी।

### राम मंदिर में 2 अप्रैल को ध्वजारोहण करेंगे 'बजरंगी'



**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में राम मंदिर के परकोटा स्थित हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसकी अगुवाई 'बजरंगी' के नाम से विख्यात विनय कटियार करेंगे। सभी पूर्व संयोजक, 50 साधु-संत व 200 मेहमान होंगे।

### मुर्शिदाबाद हिंसा: रघुनाथगंज और जंगीपुर में निषेधाज्ञा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज और जंगीपुर इलाकों में शनिवार को निषेधाज्ञा लागू रही। यह कदम एक दिन पहले रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसक झड़पों के बाद उठाया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हिंसा के सिलसिले में अब तक 30 को गिरफ्तार किया गया है, और स्थिति "सामान्य एवं नियंत्रण में" है।

### भाजपा और तृणमूल कांग्रेस ने किया प्रचार अभियान और तेज

# ममता चुनाव में विक्टिम कार्ड खेलती हैं, कभी पैर तुड़वाती हैं और कभी सिर पर पट्टी : शाह


एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिचम बंगाल और चुनाव को लेकर सियासी पारा गरम है। बंगाल और असम में कंद्रीय गृहमंत्री शाह ने जमकर विपक्ष पर निशाना साधा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुवाहाटी में रोड शो किया।

इसके पहले शाह ने कोलकाता में ममता सरकार के खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) जारी किया। शाह ने कहा कि इसमें टीएमसी सरकार के 15 साल के काले कारनामों का जिक्र है, ये जनता की चार्जशीट है। बंगाल में अराजकता और बदहाली है। यहां की अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की राजनीति की है। कभी पैर तुड़वा लेती हैं, कभी सिर पर पट्टी बंधवा लेती हैं, कभी बीमार हो जाती हैं और कभी चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन बंगाल के लोग अब ममता दीदी की विक्टिम कार्ड पॉलिटिक्स को अच्छी तरह समझ गए हैं।'

**केंद्रीय गृहमंत्री का तृणमूल सरकार के खिलाफ 'आरोपपत्र' जारी**

मार्च 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले ममता के सिर में चोट में लगी थी, जबकि 2021 में विस चुनाव के पहले उनके पैर में चोट लगी थी। उधर, टीएमसी ने भी मोर्चा खोलते हुए भाजपा के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया।



## शाह का गुवाहाटी में रोड शो



### असम में शिवराज बोले- कांग्रेस ने वोट के लिए घुसपैठ मॉडल अपनाया

रंगिया (असम) में शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में बने रहने के लिए वोट बैंक बनाने के लिए घुसपैठ का मॉडल अपनाया। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाबेश कलिता के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली में उन्होंने कहा कांग्रेस सत्ता में थी, तब असम का जल, जंगल और जमीन घुसपैठियों को सौंप दी गई।

## बंगाल को तबाह करने की कोशिश से भाजपा देश में सत्ता गंवा देगी: ममता




**रानीगंज/पुरुलिया (भाषा)।** तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल को तबाह करने की कोशिश में भाजपा देश में अपनी सत्ता गंवा देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। पश्चिम बर्धमान के रानीगंज और पुरुलिया के काशीपुर तथा रघुनाथपुर में लगातार चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि राज्य में लगातार चौथी बार सत्ता में लौटने के बाद वह दिल्ली "विजय" के लिए भाजपा विरोधी सभी दलों को एकजुट करेंगी। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में भाजपा सत्ता में आती है, तो वे बुलडोजर चलाकर सबको बाहर निकाल देंगे।" बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा की साजिश "बंगाल का राज्य का दर्जा खत्म करने" की है। मुख्यमंत्री ने कहा, "बंगाल को तबाह करने की कोशिश करके, भाजपा पूरे देश में अपनी सत्ता खो देगी।"

### तमिलनाडु चुनाव

## कांग्रेस 28, डीएमके 164 सीटों पर लड़ेगी



**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने शनिवार को विधानसभा चुनावों के लिए अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे की प्रक्रिया पूरी कर ली जिसमें कांग्रेस, वामपंथी दलों, वीसीके और डीएमडीके सहित अन्य दलों द्वारा चुनाव लड़े जाने वाले निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की गई। तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान होगा। राज्य में द्रमुक, धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) का नेतृत्व कर रही है। समझौते के अनुसार, द्रमुक की प्रमुख सहयोगी कांग्रेस की 28 सीटों में पोन्नेरी, इरोड ईस्ट, विलावंकोड, शिवकाशी और कराईकुडी शामिल हैं। प्रेमलता विजयकांत के नेतृत्व वाली डीएमडीके को पहले ही 10 सीटें आवंटित की गई हैं, और उनमें विरुधाचलम और पल्लावरम शामिल हैं। थोल थिरुमावलवन के नेतृत्व वाली वीसीके को आठ सीटें मिली हैं, जिनमें कट्टुमन्नारकोइल, पनरुत्ती और तिंडीवनम शामिल हैं।

### हाईकोर्ट का यूपी सरकार से सवाल

# पूजा-स्थल सील करने का अधिकार किस कानून में



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुजफ्फरनगर में एक निर्माणाधीन मस्जिद को प्रशासन द्वारा सील किए जाने के बाद, याचिकाकर्ता द्वारा सील हटाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि विधि के किस अधिकार के अधीन राज्य किसी पूजा-स्थल को सील कर सकता है। साथ ही कोर्ट ने यह भी जानना चाहा है कि कानून के किस प्रावधान के तहत, यदि कोई हो, तो क्या किसी पूजा-स्थल से संबंधित मामलों में राज्य से पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। कोर्ट ने पूछा है कि क्या कानून के तहत किसी निर्माणाधीन पूजा-स्थल को बिना पूर्व सूचना जारी किए अथवा याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर दिए बिना सील करने का अधिकार मौजूद है।

**यह है मामला**

याचिकाकर्ता अहसान अली ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए कोर्ट से कहा कि वह मुजफ्फरनगर के ग्राम भोपा, परगना भोकरहेड़ी, तहसील जानसठ स्थित प्लॉट संख्या 780 का वैध स्वामी है। यह जमीन उसने 20 सितंबर 2019 को विधिवत पंजीकृत विक्रय विलेख से प्रवीण कुमार जैन से खरीदी थी। कोर्ट ने 18 मार्च को सरकारी वकील को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा एक एफिडेविट के साथ स्पष्ट निर्देश लेकर अगली सुनवाई यानी 24 मार्च तक कोर्ट के सामने पेश किया जाए। हालांकि 24 मार्च को इस मामले में सुनवाई टल गई। यह आदेश जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डिवीजन बेंच ने अहसान अली की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट में दलील दी कि याची खरीदी संपत्ति पर मस्जिद का निर्माण करवा रहा।

### भोजशाला: जजों ने मस्जिद का किया निरीक्षण

**धार (भाषा)।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के दो न्यायाधीशों ने दो अप्रैल को होने वाली सुनवाई से पहले शनिवार को धार स्थित विवादित भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद परिसर का निरीक्षण किया। हिंदू पक्ष इस स्थल को वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानता है जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला मस्जिद बताता है। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी अपराह्न करीब एक बजकर 50 मिनट पर परिसर पहुंचे और करीब पौने तीन बजे वहां से रवाना हुए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### 8 साल की बच्ची का हत्यारोपी एनकाउंटर में ढेर

- आगरा में मकान मालिक से बदला लेने के लिए वारदात की
- 24 मार्च को मासूम की लाश को कनस्तर में ठूंसी थी

**आगरा (एजेंसी)।** कारोबारी मकान मालिक की 8 साल की बच्ची की हत्या का आरोपी किराएदार शनिवार तड़के 3 बजे एनकाउंटर में ढेर हो गया। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि शुक्रवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि हत्यारोपी फिरोजाबाद भागने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी फायरिंग करने लगा। इसमें एक दरोगा को गोली लग गई। जवाबी कार्रवाई में आरोपी को गोली लग गई। उसे एसएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ बमरौली कटारा के पास हुई। 29 साल के सुनील ने 24 मार्च को कारोबारी की बच्ची का गला काटकर हत्या कर दी थी। शव को कनस्तर में भर दिया था। 30 घंटे बाद पुलिस ने शव बरामद किया था। तब से फरार था। जांच में सामने आया था कि 11 दिन पहले बकाया किराए को लेकर बच्ची के चाचा ने उसे थप्पड़ मार दिया था और कमरे पर ताला लगा दिया था। यह बात उसे नागवार गुजरी। उसने किराया देने के बाद देख लेने की धमकी दी थी। बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया था।

### राजस्थान में मधुमेह से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए शिखर सम्मेलन

- लोगों की सोच में वैश्विक स्तर पर परिवर्तन लाने की अपील की

**जयपुर (भाषा)।** मधुमेह रोग और इससे जुड़ी भ्रांतियों के उन्मूलन के लिए राजस्थान के जयपुर में दो दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन शनिवार को यहां शुरू हुआ। सम्मेलन में वक्ताओं ने इस रोग को लेकर लोगों की सोच में बदलाव का आह्वान किया। उदयपुर के पूर्व राजघराने की सदस्य पद्मजा कुमारी परमार ने मधुमेह के प्रति लोगों की सोच में वैश्विक स्तर पर परिवर्तन लाने की अपील की। उन्होंने इस रोग से जुड़ी भ्रांतियों और भेदभाव को समाप्त करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम का आयोजन 'फ्रेंड्स ऑफ मेवाड़' और इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन सहित विभिन्न वैश्विक संगठनों के सहयोग से किया गया।

### तितली की नई प्रजाति का नाम जुबीन के नाम पर रखा

- प्रसिद्ध असमिया गायक की पिछले वर्ष 19 सितंबर को सिंगापुर में मौत हो गई थी

**ईटानगर (भाषा)।** अरुणाचल प्रदेश में खोजी गई तितली की एक नयी प्रजाति का नाम असम के मशहूर गायक जुबीन गर्ग के नाम पर रखा गया है, जो इस क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता और प्रसिद्ध गायक की अमिट सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करता है। अधिकारियों ने बताया कि वैज्ञानिक रूप से यूथेलिया (लिंबुसा) जुबीनगर्गी के रूप में वर्गीकृत इस प्रजाति को हाल ही में पूर्वोत्तर राज्य के लेपराडा जिले के बासर क्षेत्र में खोजा गया। तितली प्रेमी और पुलिसकर्मी रोशन उपाध्याय ने शोधकर्ता के. सदाशिवन के साथ मिलकर बासर के वनों में अध्ययन के दौरान इस प्रजाति की खोज की। शोधकर्ताओं ने पहले इस प्रजाति का नाम 'बासर ड्यूक' रखने का प्रस्ताव दिया। इस खोज को वैज्ञानिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और पूर्वोत्तर भारत में दिवंगत गायक की श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, यह तितली अत्यंत दुर्लभ प्रतीत होती है। व्यापक क्षेत्र सर्वेक्षणों के बावजूद, इस प्रजाति की केवल दो ही तितलियां खोजी जा सकी हैं, जिससे सवाल उठता है कि क्या यह प्रजाति प्राकृतिक रूप से दुर्लभ है।




नागरिक उड्डयन मंत्रालय
भारत सरकार

**समावेशिता को प्रोत्साहित करके और अवसंरचना में वृद्धि करके विमानन क्षेत्र को मजबूत बनाना**

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री
के दूरदर्शी नेतृत्व में



"पिछले एक दशक में, भारत के विमानन क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव आया है, यह एक एक्सक्लूसिव क्लब से विकसित होकर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है।"
**श्री नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**उद्घाटन/समर्पण**

**विभिन्न हवाई अड्डों पर उडान यात्री कैफे, यात्री सुविधाएँ और अवसंरचना के उन्नयन कार्य**

द्वारा
**श्री राममोहन नायडू किंजारापु**
केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री

रविवार, 29 मार्च, 2026 | पूर्वा. 10:30 बजे | राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, गुजरात

**उडान यात्री कैफे:** किफायती स्नैक विकल्प उपलब्ध – चंडीगढ़, अमृतसर, राजकोट, जम्मू, वाराणसी, पटना, इंदौर, ग्वालियर, जयपुर, अगरतला और लखनऊ

**डिजी यात्रा:** हवाई अड्डों पर संपर्क-रहित और निर्बाध आवागमन – चंडीगढ़, देहरादून, जम्मू, श्रीनगर, अगरतला, इंफाल, भोपाल और अमृतसर

**किड्स जोन :** बच्चों के लिए इंटरैक्टिव खेल क्षेत्र – चंडीगढ़, आदमपुर, बठिंडा, खजुराहो, जम्मू, देहरादून, अमृतसर, इंफाल, ग्वालियर और अगरतला

**फ्लाइब्रेरी:** यात्रा के दौरान पढ़ने का आनंद – चंडीगढ़, आदमपुर, अमृतसर, बरेली, हिंडन, जम्मू, खजुराहो, प्रयागराज, श्रीनगर, इंफाल, इंदौर, अगरतला, जामनगर, देहरादून, कुल्लू और किशनगढ़

**अवसर :** अपने उत्पादों का प्रदर्शन करके स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाना – चंडीगढ़, जम्मू, खजुराहो, कुल्लू (भुंतर), वाराणसी, इम्फाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, अगरतला और जामनगर

**अवसंरचना अपग्रेडेशन:** हवाई अड्डों की परिचालन दक्षता को बढ़ावा देना– जोधपुर, श्रीनगर, भुवनेश्वर, दरभंगा, झारसुगुडा, इंफाल, इंदौर और भोपाल

**वाई-फाई :** यात्रा के दौरान कनेक्ट रहना – आदमपुर, अगरतला, आगरा, अलीगढ़, अमृतसर, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, भुवनेश्वर, बीकानेर, चंडीगढ़, चित्रकूट, दरभंगा, देहरादून, देवघर, दीमापुर, गया, गोरखपुर, हिंडन, हिसार, होल्लोंगी, इम्फाल, इंदौर, जैसलमेर, जम्मू, झारसुगुडा, जोधपुर, कांगड़ा (गग्गल), कानपुर (चकेरी), खजुराहो, किशनगढ़, कुल्लू (भुंतर), कुशीनगर, लेह, लुधियाना, मुरादाबाद, पाक्योंग, पंतनगर, पठानकोट, पटना, पोर्ट ब्लेयर, प्रयागराज, पूर्णिया, रायपुर, शिलांग, शिमला, श्रीनगर, तेजू, उदयपुर और वाराणसी














CBC 03111/13/0020/2526

@AAI_Official @AirportsAuthorityOfIndiaOfficial @aaiofficial @airportsauthorityofindia @AirportsAuthorityofIndia

*अमेरिका-इज़राइल वर्सेस ईरान युद्ध विगत एक महीने से अपनी संपूर्ण विनाशकारी सैन्य शक्ति के साथ निरंतर जारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 दिनों के लिए ईरान के ऊर्जा उपक्रमों पर विध्वंसकारी आक्रमण अंजाम नहीं देने का ऐलान किया है। भारत के सामने भी इस युद्ध ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ये चुनौतियां आर्थिक भी हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी और मानवीय भी हैं। फिलहाल देश में पेट्रोल -डीजल का तो कोई तत्काल संकट नहीं है, किंतु कतर का लिक्विड नेचुरल गैस उत्पादन एकदम बंद हो जाने के कारण भारत में लिक्विड नेचुरल गैस और एलपीजी का संकट अवश्य उत्पन्न हो गया है। साफ है कि अब इस संकट का असर वैश्विक सप्लाई चेन, ऊर्जा आपूर्ति और बाजारों पर देखने को मिल रहा है। एकमात्र राहत यह है कि कुछ देशों के पास भंडार और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत हैं, लेकिन अगर यह संघर्ष लंबा चला तो एशिया की अर्थव्यवस्था के लिए यह एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। उधर, भारत के पांच राज्यों में होने वाले चुनाव के तहत इन मुद्दों को चुनावी रंग देकर लेकर विपक्ष लगातार मौजूदा सरकार को घेरने में लगा हुआ है, लेकिन फिलहाल केन्द्र सरकार ने अभी तक तो स्थिति को नियंत्रित किया हुआ है। क्या भारत इस संकट की स्थिति से उबर पाएगा, इन्हीं हालातों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

# ऊर्जा संकट की असली चुनौती अभी बाकी



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेशी मामलों के जानकार

**अमेरिका द्वारा फिलहाल ईरानी तेल के निर्यात पर पाबंदी समाप्त कर देने का सबसे अधिक फायदा जिन देशों को भविष्य में उपलब्ध हो सकता है, उनमें भारत भी एक प्रमुख देश है। खाड़ी जंग प्रारंभ होने के बाद विश्व पटल पर एनर्जी मार्केट पर जबरदस्त संकट बढ़ गया है और अमेरिका द्वारा समुद्र में कार्गो जहाज में विद्यमान ईरानी तेल के निर्यात से यह विकट संकट कुछ कम हो सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत को अपनी आवश्यकता के 90 प्रतिशत पेट्रोल और डीजल के लिए अंतरराष्ट्रीय आयात पर निर्भर रहना पड़ता है।**

ईरान के विरुद्ध इजराइल-अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को प्रारंभ किया गया संयुक्त आक्रमणकारी युद्ध विगत एक महीने से अपनी संपूर्ण विनाशकारी सैन्य शक्ति के साथ निरंतर जारी है। यदि यह विनाशकारी युद्ध भविष्य में भी इसी गति से चलता रहा तो फिर पहले से आच्छादित हो चुका वैश्विक ऊर्जा संकट अत्यंत विकट और विकराल स्थिति में पहुंच जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले 5 दिनों के लिए और फिर 10 दिनों के लिए ईरान के ऊर्जा उपक्रमों पर विध्वंसकारी आक्रमण अंजाम नहीं देने का ऐलान किया है। साथ ही यह चेतावनी भी जारी की है कि यदि ईरान द्वारा भविष्य में खाड़ी देशों के ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर ईरान द्वारा आक्रमण किया जाता है तो फिर अमेरिका ईरान के गैस और तेल निर्माण के ठिकानों पर भयंकर आक्रमण अंजाम देगा और उसके तमाम ऊर्जा उपक्रमों को नष्ट कर देगा। साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने दावा पेश किया है कि ईरान के साथ युद्ध को खत्म करने के लिए शांति वार्ता निरंतर जारी है।



## भारत पर भी पड़ रहा प्रभाव

युद्ध के कारणवश उत्पन्न हुई वैश्विक ऊर्जा संकट के चलते हुए भारत पर भी इसका जबरदस्त प्रभाव स्थापित हो गया है। फिलहाल भारत में पेट्रोल और डीजल का तो कोई तत्काल संकट उपस्थित नहीं हुआ है। भारत सरकार के अनुसार अभी दो महीनों का पेट्रोल और डीजल स्ट्रैटेजिक रिजर्व के तौर पर भारत के पास विद्यमान है। किंतु कतर का लिक्विड नेचुरल गैस उत्पादन एकदम बंद हो जाने के कारण भारत में लिक्विड नेचुरल गैस और एलपीजी का संकट अवश्य उत्पन्न हो गया है।

वैश्विक ऊर्जा संकट के मध्य एक शुभ समाचार आया कि अमेरिका ने ईरान के क्रूड ऑयल निर्यात पर आयद की गई अंतरराष्ट्रीय पाबंदी को अस्थाई तौर पर स्थूल कर देने का ऐलान किया है। अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने फॉक्स न्यूज को दिए गए साक्षात्कार में फरमाया है कि डोनाल्ड ट्रंप सरकार द्वारा फिलहाल समुद्र में खड़े हुए ईरान के तेल जहाज पर आयद पाबंदी में अस्थायी तौर पर ढील प्रदान करने का फैसला लिया है। से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों बैरल तेल की सप्लाई प्रारंभ हो सकती है।

## तेल के निर्यात पर पाबंदी हटी

इस युद्ध के कारण शिपिंग और क्रूड ऑयल निर्यात में उत्पन्न हुई गंभीर रुकावट की क्षतिपूर्ति भी हो सकती है। अमेरिका द्वारा फिलहाल ईरानी तेल के निर्यात पर पाबंदी समाप्त कर देने का सबसे अधिक फायदा जिन देशों को भविष्य में उपलब्ध हो सकता है, उनमें भारत भी एक प्रमुख देश है। खाड़ी जंग प्रारंभ होने के बाद विश्व पटल पर एनर्जी मार्केट पर जबरदस्त संकट बढ़ गया है और अमेरिका द्वारा समुद्र में कार्गो जहाज में विद्यमान ईरानी तेल के निर्यात से यह विकट संकट कुछ कम हो सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत को अपनी आवश्यकता के 90 प्रतिशत पेट्रोल और डीजल के लिए अंतरराष्ट्रीय आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। स्कॉट बेसेंट के अनुसार समुद्र में फिलहाल अभी 17 करोड़ बैरल तेल के कार्गो विद्यमान हैं। भले ही ईरानी क्रूड ऑयल की अंतरराष्ट्रीय बिक्री के लिए 10 से 15 दिनों तक छूट क्यों ना प्रदान की जा सकती है। अमेरिकन खरीदारों तक इसके पहुंच की मंजूरी प्रदान करने से क्रूड ऑयल सप्लाई की दिक्कतें कम होने और कीमतों को नियंत्रित करने में निश्चित तौर पर निर्णायक मदद मिल सकती।

## चीन सबसे बड़ा खरीदार

इस कदम से ईरान का जो तेल चीन में जा रहा है, वो क्रूड ऑयल दूसरे एशियाई देशों की तरफ भी अपना रुख मोड़ सकता है। इससे चीन को बाजार दर पर तेल खरीदना पड़ सकता है। साथ ही भारत, जापान, मलेशिया, फिलिपींस आदि दक्षिण एशिया के देशों के लिए क्रूड ऑयल उपलब्ध हो सकेगा। चीन अभी तक ईरानी क्रूड ऑयल का सबसे बड़ा खरीदार रहा है। फिलहाल तो भारत की रिफाइनरियों ने समुद्र में विद्यमान कार्गो जहाजों पर लदे हुए लाखों बैरल रूसी क्रूड ऑयल को ही खरीदा है। खाड़ी देशों से आयातित होने वाले क्रूड ऑयल का अधिकांश हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरता है। फिलहाल युद्ध के जारी रहते हुए होर्मुज स्ट्रेट से कार्गो जहाजों की आवाजाही अत्यंत बाधित हो चुकी है। 2018 में ईरान पर सख्त अंतरराष्ट्रीय पाबंदियां आयद किए जाने से पहले तक भारत द्वारा कुल आयातित क्रूड ऑयल का तकरीबन 15 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात किया जाता था। अमेरिकन वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के मुताबिक इस वक्त तकरीबन ईरान का 17 करोड़ बैरल क्रूड ऑयल समुद्र में कार्गो शिप्स पर विद्यमान है। ईरान का यह समस्त तेल पहले से अनुबंधों से कदाचित बंधा हुआ नहीं है। ईरानी क्रूड ऑयल का एक हिस्सा इस समय विक्रय के लिए तैयार है। अगर अमेरिका द्वारा इन पाबंदियों को ढीला कर दिया जाता है अथवा उनका शक्ति से पालन नहीं होता तो फिर इस क्रूड ऑयल की अतिरिक्त सप्लाई अंतरराष्ट्रीय मार्केट में आ सकती है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिफाइनरियां ईरानी तेल को अपने सिस्टम में लाने के लिए सक्षम रही हैं और उसके प्रोसेसिंग के लिए बहुत कम ऑपरेशन बदलाव की आवश्यकता होगी। भारतीय रिफाइनरियों के पास पहले से ही ईरानी क्रूड ऑयल को प्रोसेस करने का बाकायदा अनुभव और तकनीक उपलब्ध रही है।

## रिफाइन तेल निर्यात जारी

देखा जाए तो विश्व पटल पर भारत वस्तुतः क्रूड ऑयल को रिफाइन करने वाला सबसे बड़ा चौथा देश है। क्रूड तेल और गैस सप्लाई में विकेट बाधाओं का सामना करते हुए भी भारत ने चीन की तरह रिफाइन तेल के अंतरराष्ट्रीय निर्यात पर रोक आयद नहीं की है। हालांकि भारत के समक्ष भी ऊर्जा संकट की कड़ी चुनौतियां विद्यमान हैं। फिलहाल तो भारत के सामने पेट्रोल-डीजल की समुचित सप्लाई का कोई तत्कालीन संकट उपस्थित नहीं है, किंतु युद्ध जारी रहता है तो फिर भारत में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई पर विकट संकट का सामना करना पड़ सकता है। ईरान पर आयद पाबंदियों को ढीला करने के लिए अमेरिका के वित्त मंत्री के ऐलान को अमलीजामा पहनाने में अभी और वक्त लग सकता है, क्योंकि उनके ऐलान पर राष्ट्रपति ट्रंप ने कोई स्पष्ट ऐलान नहीं किया गया है।

# तथ्यात्मक मुद्दों पर वोट करें मतदाता



**जागरूकता**

योगेश कुमार सोनी

स्वतंत्र पत्रकार

आगामी कुछ दिनों में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, जिसको लेकर पक्ष-विपक्ष पूरी ताकत लगाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। इन चुनावों में सत्ता पक्ष के लिए चुनौती थोड़ी ज्यादा इसलिए बढ़ी हुई है, चूंकि इस समय ऊर्जा संकट को लेकर माहौल बना हुआ है। अब सवाल यही है कि क्या विपक्ष धरातल व तथ्यात्मक मुद्दों के साथ ऊर्जा संकट का तड़का लगाकर सत्ता पक्ष को घेरता है और वहीं इसके विपरीत सत्ता पक्ष यह बताने में सार्थक हो पाता है कि सब ठीक है।

## संसाधनों की मांग बढ़ी

जैसा कि मिडिल ईस्ट तनाव की वजह से देश में ऊर्जा संकट के दौरान बिजली, कोयला, पेट्रोल, या गैस जैसे ऊर्जा संसाधनों की मांग उनकी कुल आपूर्ति से थोड़ी अधिक हो गई। इसकी वजह से ईंधन की कमी के कारण उद्योग, परिवहन, और घरेलू उपयोग की चीजों पर थोड़ा प्रभाव पड़ गया है और यदि यह प्रकरण लंबा चला तो स्थिति थोड़ी चिंताजनक हो सकती है। इन मुद्दों को चुनावी रंग देकर लेकर विपक्ष लगातार मौजूदा सरकार को घेरने में लगा हुआ है, लेकिन फिलहाल केन्द्र सरकार ने अभी तक तो स्थिति को नियंत्रित किया हुआ है। इस मामले को लेकर जनता को यह समझना होगा कि यह कोई स्थायी समस्या नहीं है और यह आज नहीं तो कल खत्म हो जाएगी, लेकिन वोट देने वाले लोगों को यह समझना होगा कि वह अपने उन मुद्दों पर वोट करें, जिससे वह पांच सालों से संतुष्ट या असुंष्ट रहे हैं। जनता को यह भी समझना होगा कि यह एक वैश्विक स्तर की आपदा है।

**उम्मीदवार की ईमानदारी, उसकी विचारधारा और उसके द्वारा किए गए वादों की व्यावहारिकता पर बहुत कुछ निर्भर करता है, चूंकि कहीं ऐसे नेता भी होते हैं जो पार्टी में रहते हुए उस विचारधारा के विपरित होते हैं।**

## विश्व पटल पर प्रयास

इसके निवारण के लिए विश्व पटल पर प्रयास भी किया जा रहा है और यदि इस वजह से कुछ समय की लिए देश गति धीमी अर्थात महंगाई बढ़ना या संसाधनों में कमी भी आ जाती है तो इस मुद्दे को लेकर वोट करने पर अपनी विचारधारा न बांधें चूंकि आप जिन मुद्दों को बीते पांच वर्षों से गहनता के साथ समझ रहे हैं, चाहे वो सकारात्मक हो या नकारात्मक उस पर अपनी विचारधारा के साथ अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। जनता को वोट डालते समय अपनी तरक्की, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, और स्थानीय विकास जैसे सड़क, बिजली, पानी के मुख्य मुद्दों को मद्देनजर रखते हुए अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। उम्मीदवार की ईमानदारी, उसकी विचारधारा और उसके द्वारा किए गए वादों की व्यावहारिकता पर बहुत कुछ निर्भर करता है, चूंकि कहीं ऐसे नेता भी होते हैं जो पार्टी में रहते हुए उस विचारधारा के विपरित होते हैं, लेकिन अपनी क्षेत्रीय जनता के लिए काम बहुत बेहतर करते हैं। इन चुनावों में कई मौजूदा मुख्यमंत्रियों के लिए भी यह मुकाबला ऐतिहासिक साबित हो सकता है। ममता बनर्जी चौथी बार लगातार सत्ता में लौटने का लक्ष्य लेकर मैदान में हैं।

## लगातार जनादेश पाने की कोशिश

वहीं, एम के स्टालिन दूसरी बार लगातार जनादेश पाने की कोशिश कर रहे हैं। हेमंत बिसवा भी असम में दूसरी बार सरकार बनाने की उम्मीद कर रहे हैं, जबकि पिनाराई विजयन केरल में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने का रिकॉर्ड बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वैसे तो हर राज्य का चुनाव महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल का चुनाव पक्ष-विपक्ष के लिए वर्चस्व की लड़ाई मानी जाती है। जैसा कि पश्चिम बंगाल का चुनाव फिर से हर बार की तरह मुद्दों से कहीं परे होगा। यहां का चुनाव तो भारत-पाकिस्तान के मैच की तरह रोमांच बनाता है। चूंकि यहां की जनता के मस्तिष्क में पार्टियों ने मुद्दों के अलावा केवल वजूद की लड़ाई को भर रखा है।

बहरहाल, हर मतदाता को अपनी सूझबूझता के साथ गुणवत्ता के आधार पर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए और यह समझना चाहिए कि केंद्र में बैठी सरकार को अपने देश की चिंता होती है। वह हर स्थिति में संतुलन बनाए रखने का प्रयास करती है। वहीं, जनता को भी समझना होगा कि विषम परिस्थियों में धैर्य और विश्वास ही काम आता है।

# तंगी है पर घरेलू भंडारण से उम्मीद



**चिंतन**

सुशील देव

स्वतंत्र पत्रकार

दुनिया का तेल भंडार, जिसे हम तेल रिजर्व कहते हैं, वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था और अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार है। यह कच्चा तेल यानी क्रूड ऑयल जमीन के अंदर, खासकर समुद्री सतह के नीचे पाया जाता है। इसका निर्माण लाखों-करोड़ों वर्षों में समुद्री जीवों और वनस्पतियों के अवशेषों पर दबाव और तापमान के प्रभाव से होता है। यही कारण है कि तेल एक सीमित प्राकृतिक संसाधन माना जाता है। तेल रिजर्व के काम को तीन मुख्य चरणों में समझा जा सकता है- खोज, उत्पादन और भंडारण। सबसे पहले वैज्ञानिक आधुनिक तकनीकों, जैसे सिस्मिक सर्वे के जरिए यह पता लगाते हैं कि जमीन के नीचे तेल कहां मौजूद हो सकता है। इसके बाद ड्रिलिंग यानी कुओं की खुदाई करके कच्चा तेल बाहर निकाला जाता है।

## उन्नत तकनीक और भारी निवेश की जरूरत

यह प्रक्रिया काफी जटिल और महंगी होती है, जिसमें उन्नत तकनीक और भारी निवेश की जरूरत होती है। निकाले गए कच्चे तेल को रिफाइनरियों में भेजा जाता है, जहां उसे पेट्रोल, डीजल, केरोसिन और अन्य उपयोगी उत्पादों में बदला जाता है। लेकिन केवल उत्पादन ही पर्याप्त नहीं होता। हर देश भविष्य की जरूरतों और आपात स्थितियों को ध्यान में रखते हुए तेल का भंडारण भी करता है, जिसे स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व यानी एसपीआर कहा जाता है। अमेरिका, चीन और भारत जैसे बड़े देश अपने-अपने स्तर पर बड़े पैमाने पर तेल का भंडारण करते हैं। इसका उद्देश्य यह है कि यदि युद्ध, प्राकृतिक आपदा या आपूर्ति में बाधा जैसी स्थिति उत्पन्न हो, तो देश को ऊर्जा संकट का सामना न करना पड़े। भारत ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। दक्षिण भारत के विशाखापत्तनम, बेंगलुरु और पादुर जैसे स्थानों पर रणनीतिक तेल भंडार विकसित किए गए हैं। ये भंडार आपात स्थिति में देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहायक साबित होते हैं।

***तेल रिजर्व संकट के समय मजबूत 'बफर' का काम करते हैं। यदि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति और नीतियां संतुलित रहें, तो इनकी मदद से कीमतों में बड़े उतार-चढ़ाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।***

## घरेलू भंडारण क्षमता काफी मजबूत

यह भी स्पष्ट है कि भारत की घरेलू भंडारण क्षमता पहले की तुलना में काफी मजबूत हुई है। इसके साथ ही, भारत का सीमित घरेलू उत्पादन और विभिन्न देशों के साथ अच्छे संबंधों के चलते कच्चे तेल का आयात भी संतुलित बना हुआ है। यही कारण है कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश की ऊर्जा स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है। तेल रिजर्व केवल ऊर्जा आपूर्ति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका सीधा असर वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी कारण से तेल की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो कीमतों में तेजी से वृद्धि होती है। ऐसे समय में देश अपने रणनीतिक भंडार से तेल जारी करके बाजार में आपूर्ति बढ़ाते हैं, जिससे कीमतों के अत्यधिक बढ़ने को कुछ हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

## बाजार को स्थिर रखने की कोशिश

हाल के युद्ध जैसे हालात जैसे ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच तनाव ने एक बार फिर यह दिखाया है कि तेल रिजर्व कितने महत्वपूर्ण हैं। भारत सहित कई देशों ने अपने भंडार का उपयोग कर बाजार को स्थिर रखने की कोशिश की है। केंद्र सरकार का दावा है कि देश में पेट्रोल और डीजल का लगभग 60 दिनों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि तेल रिजर्व एक स्थायी समाधान नहीं हैं। इनकी मात्रा सीमित होती है और लंबे समय तक संकट रहने पर इनका असर कम हो सकता है। इसके अलावा, तेल की कीमतें काफी हद तक तेल उत्पादक देशों के संगठन, ओपेक की नीतियों पर भी निर्भर करती हैं। इस प्रकार कहा जा सकता है कि तेल रिजर्व युद्ध और संकट के समय एक मजबूत 'बफर' का काम करते हैं। यदि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति और नीतियां संतुलित रहें, तो इनकी मदद से कीमतों में बड़े उतार-चढ़ाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

# पश्चिम एशिया युद्ध अर्थव्यवस्था पर बढ़ाएगा दबाव



**चुनौती**

रवि शंकर

स्वतंत्र स्तंभकार

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है। इसका असर अब एशियाई देशों पर साफ दिखने लगा है। एशिया के ज्यादातर देश तेल और गैस के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर हैं, इसलिए सप्लाई में रुकावट आते ही कीमतें बढ़ गई हैं। इसका सीधा असर इन देशों के खर्च, व्यापार और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।

ऊर्जा की कीमतें बढ़ना सिर्फ पेट्रोल-डीजल तक सीमित नहीं रहता। इसका असर ट्रांसपोर्ट, बिजली, खेती और खाने-पीने की चीजों तक पहुंचता है। गैस की कमी से फर्टिलाइजर उत्पादन प्रभावित होता है, जिससे खेती महंगी हो जाती है और फूड प्राइस बढ़ने लगते हैं। ऐसे में तेल की कीमत बढ़ते ही आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ता है। इस संकट का असर एक नहीं, बल्कि चार बड़े चैनलों से एशिया तक पहुंच रहा है। पहला, तेल और गैस के आयात महंगे हो रहे हैं। दूसरा, ट्रांसपोर्ट और हवाई यात्रा बाधित हो रही है, जिससे टूरिज्म पर असर पड़ रहा है।

तीसरा, पश्चिम एशिया से आने वाली रेमिटेंस में कमी का खतरा है। और चौथा, वित्तीय बाजारों में डर बढ़ रहा है, जिससे निवेश कम हो सकता है। इन चारों का संयुक्त असर अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ सकता है। पश्चिम एशिया में उभरे इस संकट से भारत भी अछूता नहीं। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिमी एशिया में उपजे संकट पर लोकसभा में बात रखी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ता तनाव वैश्विक अर्थव्यवस्था और आम लोगों के जीवन पर प्रतिकूल असर डाल रहा है, जिसका प्रभाव भारत पर भी पड़ सकता है।

साफ है कि अब इस संकट का असर वैश्विक सप्लाई चेन, ऊर्जा आपूर्ति और बाजारों पर देखने को मिल रहा है। बता दें, भारत अपने कच्चे तेल का 90 प्रतिशत दूसरे देशों से आयात करता है, जबकि एलपीजी 60 प्रतिशत और एलएनजी का आधे से अधिक आयात होता है। यह आपूर्ति मुख्यतः खाड़ी देशों से ही होती है। इस आयात का ज्यादातर हिस्सा केवल एक अस्थिर क्षेत्र यानी पश्चिम एशिया से आता है। यही कारण



**भारत अपने कच्चे तेल का 90 प्रतिशत दूसरे देशों से आयात करता है, जबकि एलपीजी 60 प्रतिशत और एलएनजी का आधे से अधिक आयात होता है।**

है कि इस क्षेत्र में किसी भी रुकावट को नीति निर्माताओं और तेल कंपनियों के लिए तत्काल चिंता का विषय बना देता है। फिर भी, भारत के ऊर्जा योजनाकारों का तर्क है कि 1970 दशक के खाड़ी संकटों की तुलना में आज देश ऐसी बाधाओं से निपटने के लिए बेहतर स्थिति में है। पिछले कुछ वर्षों में भारत किसी एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम करने के लिए जानबूझकर अपनी कच्चे तेल की स्रोत रणनीति में विविधता लाया है। भारत के लिए खाड़ी क्षेत्र भविष्य के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है।

इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत जैसे देश भारत के दीर्घकालिक कच्चे तेल अनुबंधों का एक बड़ा हिस्सा आपूर्ति करते हैं। इन देशों से आने वाला तेल जामनगर, वडीनार और पारादीप जैसे भारतीय बंदरगाहों तक पहुंचने से पहले होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरता है। ऐसे में इस जलमार्ग के लंबे समय तक बंद रहने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। भारत के सामने भी इस युद्ध ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

ये चुनौतियां आर्थिक भी हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ी हैं और मानवीय भी हैं। कुल मिलाकर, यह संकट एशिया के लिए एक डबल झटका बनकर सामने आ रहा है। एक तरफ महंगी ऊर्जा और बढ़ती महंगाई, और दूसरी तरफ धीमी होती आर्थिक ग्रोथ। दुनिया के कई ऐसे देश हैं, जहां इस संकट का असर दिखना शुरू हो गया है। एकमात्र राहत यह है कि कुछ देशों के पास भंडार और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत हैं लेकिन अगर यह संघर्ष लंबा चला, तो एशिया की अर्थव्यवस्था के लिए यह एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।

## रणनीतिक स्वायत्तता की परीक्षा

ऐसे में पश्चिम एशिया का संकट केवल विदेश नीति की चुनौती नहीं है, बल्कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की एक व्यापक परीक्षा है, जो ऊर्जा, खाद्य, समुद्री क्षेत्र, प्रवासी समुदाय और आर्थिक सुरक्षा के बीच गहरे अंतर्संबंधों को उजागर करती है। इससे मिलने वाला स्थायी सबक यह है कि लचीलापन बार-बार आने वाले झटकों से निपटने में नहीं, बल्कि विद्युतीकरण, विविधीकरण, घरेलू क्षमता निर्माण और दीर्घकालिक रणनीतिक दूरदर्शिता के माध्यम से बाहरी निर्भरता को व्यवस्थित रूप से कम करने में निहित है।

# वस्तुओं-सेवाओं पर आर्थिक मार से आम आदमी त्रस्त



**दृष्टिकोण**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार

यह कठोर सत्य है कि विज्ञान, प्रगति, तकनीक तथा आधुनिकता की अति ने लोगों व देशों के मतभेदों को भयंकर वैश्विक युद्धों में परिवर्तित कर दिया है। इजराइल और ईरान के मध्य लगभग एक महीने से युद्ध हो रहा है। अमेरिका भी इजराइल की ओर से युद्धरत है। युद्धक प्रक्षेपास्त्रों द्वारा हो रहे हमलों के कारण इजराइल, ईरान तथा अमेरिकी सैन्य संरचनाओं व अन्य संसाधनों को अपने यहां स्थापित करने वाले खाड़ी के देशों सऊदी अरब, यूएई, कतर, बहरीन, इत्यादि में हजारों लोग मर चुके हैं। हजारों की संख्या में बुरी तरह घायल हैं।

इन सभी देशों के महत्वपूर्ण शासकीय भवन, आवासीय परिसर तथा तेल व गैस की संरचनाएं ध्वस्त हो चुकी हैं। लाखों मानवों के सामने भूख-प्यास से पीड़ित होते हुए दीर्घ विस्थापन का संकट पसर चुका है। इन देशों में अब तक चली आ रही जीवन की सामान्य गतिविधियां ठप हैं। अमेरिकी मिसाइलों द्वारा ईरान के परमाणु संवर्द्धन स्थलों, तेल-गैस की संरचनाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण व्यावसायिक ठिकानों पर किए गये अनेक हमलों के कारण ईरान के माध्यम से यूरोप व एशिया को होने वाली तेल-गैस की आपूर्ति तात्कालिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि आगामी दिनों-महीनों के लिए भी बाधित हो गई है।

हालांकि वैश्विक तेल आपूर्ति में ईरान की हिस्सेदारी लगभग दो या तीन प्रतिशत है, किंतु दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पहुंचने वाला बीस प्रतिशत कच्चा तेल व द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ईरान, ओमान व संयुक्त अरब अमीरात की समुद्री सीमाओं के रास्ते होकर पहुंचता है। ईरान पर दशकों से लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत भी अपनी आवश्यकता का तेल व गैस रूस और इराक से खरीद रहा था, लेकिन भारत तक जो भी 40 प्रतिशत कच्चा तेल व 54 प्रतिशत से अधिक एलएनजी आती है, उसका आयात संकरे होर्मुज मार्ग से ही संभव हो पाता है। भूमध्य सागर की इस समुद्री पारिस्थितिकी के एक माह तक युद्ध में फंसे होने के कारण, दुनिया को निर्यात होने वाला तेल-गैस ठप हो गया था। अब, जब अमेरिका से लेकर भारत, चीन से लेकर



**युद्ध के आलोक में भारत को देखें तो देश में तेल-गैस के क्षेत्र में कुछ सीमा तक आत्मनिर्भर होने के बाद भी, अभी भी, बड़ी मात्रा में हम आयात पर ही निर्भर हैं।**

रूस तथा यूरोप से लेकर पश्चिम व पूरे एशिया क्षेत्र में तेल-गैस की सुचारू आपूर्ति बाधित होने से, अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में ठहराव के गंभीर संकेत मिलने लगे हैं तो अमेरिका के नेतृत्व में युद्ध को रुकवाने की कोशिशें होने लगी हैं। हालांकि युद्ध को रोकने के लिए पूरी दुनिया के प्रमुख देश प्रयास तो कर ही रहे थे, किंतु जिन देशों के अस्त्र-शस्त्र विनिर्माताओं व कारोबारियों के कारोबारी हित युद्ध को चलाये रखने के साथ जुड़े हुए थे, एक महीने तक उनके हथियारों की युद्धक खपत के बाद अर्थात युद्ध की बदौलत चलने वाले उनके कारोबारी फायदे के बाद, अब तेल-गैस की आपूर्ति बाधित होने से होने वाले अखिल वैश्विक नुकसान की समीक्षा होने लगी है।

वैश्विक ग्राम में परिवर्तित दुनिया के शीर्ष दस देशों की अर्थव्यवस्था की चमक केवल युद्ध होते रहने से नहीं बढ़ेगी। उत्तर आधुनिक काल के जीवन की सामान्य दैनिक गतिविधियों के बल पर ही यह चमक बढ़ेगी, इसलिए अब विशेषकर अमेरिका की ओर से युद्ध थामने की कोशिशें होने लगी हैं। यदि युद्ध के आलोक में भारत को देखें तो पूरी दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले इस देश में तेल-गैस के क्षेत्र में कुछ सीमा तक आत्मनिर्भर होने के बाद भी, अभी भी, बड़ी मात्रा में हम आयात पर ही निर्भर हैं, जो होर्मुज के युद्ध प्रभावित होने से एक माह की अवधि तक पिछड़ गई है। ऐसे में भारत के आम आदमी के सामने अनेक समस्याएं उभर रही हैं। तेल-गैस की सामान्य आपूर्ति नहीं हो पा रही। युद्धावधि के दौरान घरेलू व व्यावसायिक गैस की कीमतें भी बढ़ गई थीं। आगामी दिनों में भी कीमतें बढ़ सकती हैं। उद्योग आधारित अर्थव्यवस्था में तेल-गैस प्रमुख भूमिका में हैं। इनकी आपूर्ति में बाधा के कारण उद्योग, व्यापार में ठहराव है। परिवहन क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित है। आधुनिक जीवन व्यवस्था में एक वस्तु की आपूर्ति में संकट उत्पन्न होने से अनेक अन्य वस्तुओं-सेवाओं का व्यापार अवश्य प्रभावित होता है।

तेल व गैस मुख्य पांच आवश्यकताओं में शामिल हैं। भविष्य में ऐसे किसी भी संकट का सामना करने के लिए देश को ऊर्जा, ईंधन के क्षेत्र में पूर्णतः आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। भारत के शासनतंत्र में विपक्ष की भूमिका, वैश्विक युद्धों तथा प्राकृतिक संकटों की पुनरावृत्ति के बाद भी नागरिकों के प्रति दायित्वबोधी नहीं हो पा रही है। विपक्ष के कारण भारतीय लोकतंत्र के प्रति अधिसंख्य संवेदनशील नागरिकों में मौन गंभीर विद्रोह पसर रहा है।

# रिंग में जोश के साथ होश भी जरूरी, वरना खतरे में पड़ सकता है करियर

**⏩विशेषज्ञ बोले, सिर पर चोट से जा सकती है याददाश्त** **⏩डॉक्टर बोले, हर मैच में मेडिकल टीम अनिवार्य** **⏩कनकशन, फ्रैक्चर और अंदरूनी चोटें सबसे बड़ा संकट**

रोहित डागर ⏩रोहतक

बॉक्सिंग एक ऐसा खेल है, जहां ताकत, फुर्ती और हौसले की असली परीक्षा होती है। रिंग में उतरते ही खिलाड़ी हर पंच के साथ जीत की ओर बढ़ता है, लेकिन उसी के साथ गंभीर चोट का खतरा भी लगातार बना रहता है। यही कारण है कि विशेषज्ञ अब इस बात पर जोर दे रहे हैं कि बॉक्सिंग में केवल जोश नहीं, बल्कि होश भी उतना ही जरूरी है। वरना एक छोटी सी लापरवाही खिलाड़ी करियर खराब कर सकती है। मुक्केबाजी में तकनीक के साथ-साथ खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। खेलों में चोट लगना आम बात है। लेकिन मुक्केबाजी में तकनीक और सुरक्षा दोनों का संतुलन बेहद अहम है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि बॉक्सिंग में किन किन चोटों का खतरा है और उनका निदान क्या है। इस बारे में खेल चिकत्सकों और विशेषज्ञों का क्या कहना है।

## रोहतक पीजीआई का सेंटर बना वरदान

- स्पोर्ट्स इंजरी का विशेषज्ञ इलाज
- स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट द्वारा काउंसलिंग
- अर्ली रिहैबिलिटेशन की सुविधा
- एक्स-रे, सर्जरी और फिजियोथेरेपी उपलब्ध
- तेजी से मैदान में वापसी की तैयारी
- पीजीआई में कमरा नंबर 81 में केंद्र की ओपीडी रोजाना चलती है, जहां खिलाड़ी अपनी समस्याओं का परामर्श ले सकते हैं।
- खिलाड़ी को चोट लगने के तुरंत बाद सही उपचार और एक्सरसाइज मिले तो वह मैदान पर जल्द वापसी कर सकता है।

### खेल में चोट लगना आम बात



पीजीआईएमएस रोहतक के खेल चिकित्सा एवं खेल चोट केंद्र के विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजेश रोहिल्ला का कहना है कि किसी भी खेल में चोट लगना सामान्य बात है, लेकिन बॉक्सिंग में यह जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। खासकर सिर पर लगने वाले तेज घूंसे खिलाड़ी के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। यही वजह है कि हर मुकाबले के दौरान रिंग के पास डॉक्टर की मौजूदगी अनिवार्य मानी जाती है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उपचार मिल सके।खिलाड़ियों को अभ्यास और मुकाबले के दौरान सुरक्षा उपकरणों का सही इस्तेमाल करना चाहिए और किसी भी छोटी चोट को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### बॉक्सर सागर ने चोट से रिकवरी के बाद लगातार आठ मुकाबले जीते



बॉक्सर सागर ने बताया कि 2022 में एक मुकाबले के दौरान कंधे में लगी गंभीर चोट के कारण इस खिलाड़ी को लंबे समय तक रिंग से दूर रहना पड़ा था। कंधे की चोट उनके करियर के लिए एक बड़ा मानसिक और शारीरिक रोड़ा बन गई थी। इस दौरान उन्हें कई महीनों तक फिजियोथेरेपी और विशेष पुनर्वास सत्रों से गुजरना पड़ा। चोट से रिकवरी के बाद 2023 में प्रोफेशनल बॉक्सिंग खेलनी शुरू की। पहले एमेच्योर बॉक्सिंग खेलता था। प्रोफेशनल बॉक्सिंग में उसने लगातार 8 मुकाबले जीते।


### सही तकनीक अपनाएं: कोच



बॉक्सिंग कोच नवीन के अनुसार, एमेच्योर बॉक्सिंग में हेडगार्ड, माउथगार्ड और अच्छी गुणवत्ता वाले ग्लव्स व हैंड रैप्स का उपयोग अनिवार्य है। पंच मारने की सही तकनीक 'बॉक्सर्स फ्रैक्चर' जैसी चोटों से बचाती है। रिंग में उतरने से पहले मांसपेशियों के खिंचाव को कम करने के लिए सही तरीके से वार्म-अप करना आवश्यक है। यदि खिलाड़ी अधिक चोटिल महसूस हो, तो रेफरी मुकाबला रोककर उसे गंभीर नुकसान से बचा सकता है।







### इन चोटों का खतरा

- ⏩सिर पर चोट से कनकशन (मस्तिष्क झटका)
- ⏩हाथों में फ्रैक्चर व "बॉक्सर्स फ्रैक्चर"
- ⏩छाती और पसलियों में चोट
- ⏩चेहरे (नाक, भौंह) पर कट व सूजन
- ⏩अंदरूनी चोटें जो तुरंत नजर नहीं आतीं

### ये सावधानियां जरूरी

- ⏩हर मैच में मेडिकल टीम की मौजूदगी
- ⏩हेडगार्ड, माउथगार्ड व ग्लव्स का इस्तेमाल
- ⏩सही तकनीक से पंच मारना
- ⏩मुकाबले से पहले सही वार्म-अप
- ⏩छोटी चोट को भी नजरअंदाज न करें

### क्या है इलाज

- ⏩**आरआईसीई विधि**: सूजन और दर्द कम करने के लिए आराम, बर्फ से सिकाई, संपीड़न और ऊंचाई।
- ⏩**हैंड रैप्स और दस्ताने**: कलाई को सहारा देने के लिए हमेशा सही रैप्स का उपयोग करें।
- ⏩**फिजियोथेरेपी**: कंधे या पुरानी चोटों के लिए विशेषज्ञ से कसरत कराएं।
- ⏩**दवाएं** : दर्द और सूजन के लिए डॉक्टर की सलाह पर इबुप्रोफेन या अन्य दवाएं लें।
- ⏩**गंभीर चोट**: फ्रैक्चर या गंभीर सिर की चोट में तुरंत एक्सरे या एमआरआई कराएं।

### रोकथाम के उपाय

- ⏩**तकनीक**: सही मुक्का मारने का अभ्यास करें
- ⏩पहली दो उंगलियों का उपयोग करें।
- ⏩**सुरक्षा गियर**: अच्छी गुणवत्ता वाले ग्लव्स और हैंड रैप्स का ही उपयोग करें।
- ⏩**वार्म-अप**: ट्रेनिंग से पहले उंगलियों और कलाइयों की स्ट्रेचिंग करें।
- ⏩**शरीर की सुनें**: दर्द होने पर ट्रेनिंग रोक दें, दर्द के साथ न खेलें।

## खबर संक्षेप



### इंजरी के कारण दो हफ्ते नहीं खेल सकेंगे धोनी

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी पिंडली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले दो सप्ताह में नहीं खेल पाएंगे। फ्रेंचाइजी ने यह जानकारी दी। सीएसके ने कहा, 'महेंद्र सिंह धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। इस कारण उनका आईपीएल 2026 के पहले दो सप्ताह में खेलने की संभावना नहीं है।' धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से आईपीएल खेलना जारी रखा है। इस 44 वर्षीय खिलाड़ी के आईपीएल में भविष्य को लेकर प्रत्येक सत्र में कयास लगाए जाते हैं। धोनी अब सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं इसलिए उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखना और भी मुश्किल हो जाता है। रुतुराज गायकवाड़ हालांकि टीम के कप्तान हैं, लेकिन टीम की रणनीति धोनी के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह आईपीएल की शुरुआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं।

### थीगाला शानदार प्रदर्शन से 11वें स्थान पर पहुंचे



**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थीगाला ने टेक्सास चिल्ड्रन्स ह्यूस्टन ओपन के दूसरे दौर में लगातार तीन अंडर 67 का कार्ड खेला, जिससे वह कुल छह अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर बने हुए हैं। इस टूर्नामेंट में भारतीय मूल के एक अन्य खिलाड़ी सुदर्शन येल्लामराजू (69-66) संयुक्त रूप से 20वें स्थान पर हैं। वहीं अमेरिकी ओपन के पूर्व चैंपियन गैरी वुडलैंड (64-63) ने बढ़त बना हासिल कर ली। पहले दिन शीर्ष पर चल रहे पॉल वारिंग एक ओवर 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर खिसक गए।

### एमसीए संग्रहालय में स्मारक पट्टिका का अनावरण

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी पॉली उमरीगर की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में बीसीसीआई और आईसीसी के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार ने एमसीए संग्रहालय में एक स्मारक पट्टिका का अनावरण किया। यह पट्टिका उस दिग्गज बल्लेबाज के सम्मान में लगाई गई है, जिन्होंने 1948 से 1962 के बीच 59 टेस्ट मैच खेले और उनमें से आठ में भारत की कप्तानी की।

### डिफेंडिंग आईपीएल चैंपियन बेंगलुरू की जीत से शुरुआत

# पडिक्कल, कोहली और डफी ने आरसीबी को दिलाई सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत

**⏩डफी-शेफर्ड को 3-3 विकेट, विराट-देवदत्त की फिफ्टी**

एजेंसी ⏩बेंगलुरू



देवदत्त पडिक्कल के 26 गेंद में 61 रन और विराट कोहली के नाबाद अर्धशतक की मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2026 सत्र की शुरूआत शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद पर छह विकेट से जीत के साथ की। पडिक्कल और कोहली (38 गेंद में नाबाद 69) के बीच दूसरे विकेट के लिये सिर्फ 45 गेंद में 101 रन की साझेदारी की मदद से आरसीबी ने जीत के लिये 202 रन के लक्ष्य के जवाब में 15.4 ओवर में चार विकेट पर 203 रन बनाये। फिल साल्ट के जल्दी आउट होने के बाद कोहली और पडिक्कल ने शानदार बल्लेबाजी से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पडिक्कल ने तेज गेंदबाज डेविड पेन के एक ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया जबकि स्पिनर हर्ष दुबे को लगातार चौका छक्का जड़ा। उन्होंने हर्षल पटेल को चौका लगाकर सिर्फ 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर कोहली ने तेज गेंदबाजों जयदेव उनादकट और ऐशान मलिंगा को नसीहत दी। पावरप्ले में आरसीबी ने 76 रन बना लिये थे और सौ रन 8.1 ओवर में बन गए। पडिक्कल को हेनरिच क्लासेन ने पवेलियन भेजा जिन्होंने हर्षल की गेंद पर पहले लांग गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वहीं आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने 12 गेंद में 31 रन बनाये। कोहली ने आखिर में 16वें ओवर में हर्षल की चार गेंदों पर छक्का और तीन चौके लगाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन के 38 गेंद में 80 रन की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने नौ विकेट पर 201 रन बनाये।

**हैदराबाद को 6 विकेट से हराया**

### हैदराबाद-201/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का साल्ट बो डफी | 11 |
| अभिषेक शर्मा का शर्मा बो डफी | 7 |
| ईशान का साल्ट बो अभिनंदन | 80 |
| नीतिश का अभिनंदन बो डफी | 1 |
| हेनरिच का साल्ट बो शेफर्ड | 31 |
| सलिल का पडिक्कल बो सुयश | 9 |
| अनिकेत का कोहली बो शेफर्ड | 43 |
| हर्ष दुबे का पडिक्कल बो शेफर्ड | 3 |
| हर्षल का पडिक्कल बो कुमार | 0 |
| डेविड पेन नाबाद | 6 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 4 |

अतिरिक्त : छह रन

योगः 20 ओवर में नौ विकेट पर 201 रन

गेंदबाजीः डफी 4-0-22-3, भुवनेश्वर 4-0-31-1, अभिनंदन 3-0-38-1, शेफर्ड 4-0-54-3, सुयश 3-0-28-1, कृणाल 2-0-26-0

### डफी मैन आफ द मैच

### बेंगलुरु-203/4 (15.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साल्ट का क्लासेन बो उनादकट | 8 |
| विराट कोहली नाबाद | 69 |
| देवदत्त का क्लासेन बो दुबे | 61 |
| रजत पाटीदार का दुबे बो पेन | 31 |
| जितेश का उनादकट बो पेन | 0 |
| टिम डेविड नाबाद | 16 |

अतिरिक्त : 18 रन

योगः 15.4 ओवर में चार विकेट पर 203 रन

विकेट पतन : 1-9, 2-110, 3-163, 4-163

गेंदबाजीः रेड्डी 2-0-19-0, उनादकट 3-0-29-1, पेन 3-0-35-2, दुबे 3-0-35-1, मलिंगा 2-0-35-0, पटेल 2.4-0-39-0

### मुकाबला आज शाम 7.30 बजे से

# मुंबई का पलड़ा भारी, केकेआर के खिलाफ जीत की उम्मीद प्रबल





एजेंसी ⏩मुंबई

खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है। मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

### टीमें इस प्रकार

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इजहार, रघु शर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्सः** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया (विकेटकीपर), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, मथीशा पथिराना, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती।

## मोंटेकार्लो मास्टर्स नहीं खेलेंगे जोकोविच, नाम लिया वापस




**मोनाको।** नोवाक जोकोविच ने दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन में भाग न लेने के बाद मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है। इस क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के आयोजकों ने इंस्टाग्राम पर जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए लिखा, ' हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही कोर्ट पर वापसी करेंगे।' इस पोस्ट में 38 वर्षीय जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने दो सप्ताह पहले बीएनपी पारिबास ओपन के चौथे दौर में जैक ड्रेपर से तीन सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। एक साल पहले मोंटेकार्लो में जोकोविच दूसरे दौर में एलेजांद्रो तबिलो से हार गए थे। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने भी टूर्नामेंट से नाम वापस लेने के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है।

### तेजस्विन ने की डेकाथलॉन सत्र में जीत से शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने अमेरिका के टेक्सास में डेविड नोबल रिले 2026 एथलेटिक्स मीट में हवा की मदद से 7947 अंक का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर अपने डेकाथलॉन सत्र की शुरुआत जीत से की। शंकर हालांकि 8000 अंक से 53 अंक पीछे रह गए। टेक्सास में शंकर का प्रदर्शन उनके ही नाम दर्ज राष्ट्रीय रिकॉर्ड (7826 अंक) से बेहतर था, जो उन्होंने पिछले साल पोलैंड में बनाया था। लेकिन अत्यधिक अनुकूल हवा (टेल विंड) के कारण विश्व एथलेटिक्स के नियमों के अनुसार यह प्रदर्शन नए रिकॉर्ड के रूप में दर्ज नहीं किया गया।

## फुटबॉल: स्पेन ने सर्बिया को हराया ओयार्जबेल ने दागे 2 गोल

एजेंसी ⏩ मैड्रिड



स्पेन ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले अपने आखिरी तैयारी मुकाबलों में से एक में सर्बिया को 3-0 से मात दी। मिकेल ओयार्जाबेल जीत के हीरो रहे, जिन्होंने 2 गोल दागे। उनके अलावा, विक्टर मुनोज ने एक गोल का योगदान दिया। ओयार्जाबेल का पहला गोल 16वें मिनट में आया। यह टीम के शानदार तालमेल के बाद गोल के सामने से लगाया गया एक शॉट था। वहीं, उनका दूसरा गोल हाफ-टाइम से ठीक पहले आया। यह काफी दूर से लगाया गया एक जोरदार शॉट था, जिसने सर्बिया के गोलकीपर वान्या मिलिंकोविक-साविक को बचाव का कोई मौका ही नहीं दिया। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने गोलकीपिंग की जिम्मेदारी उनाई साइमन को ही सौंपी, जबकि एफसी बार्सिलोना के गोलकीपर जोआन गार्सिया, जिन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम में बुलाया गया था, स्टैंड्स में बैठे रहे। रोड्री ने सेंट्रल मिडफील्ड में मार्टिन जुबिमेंडी से आगे शुरुआत की, जबकि सेंट्रल डिफेंस में आयमेरिक लापोर्टे और पाउ कुबारसी थे। राइट-बैक पर मार्कोस लोरेंटे और स्पेन के अटैक के दाईं ओर लामिन यामल खेले।

### रविवार से साइप्रस में शुरू होगा कैंडिडेट्स टूर्नामेंट

# ओपन वर्ग में प्रज्ञानानंदा के सामने कड़ी चुनौती

एजेंसी ⏩ पाफोस

आठ खिलाड़ियों की एलीट प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर प्रज्ञाननंदा को रविवार से शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

इस टूर्नामेंट का विजेता खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश का सामना करेगा। इस टूर्नामेंट में आठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो डबल राउंड-रॉबिन प्रारुप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक खिलाड़ी अन्य सभी प्रतिभागियों का दो बार सामना करेगा और सबसे अधिक अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी विश्व चैंपियन बनने के लिए गुकेश को चुनौती देने का अधिकार हासिल करेगा।




### प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि 10 लाख डॉलर

इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 10 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 9 करोड़ 49 लाख रुपए) है, जिसमें से सात लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग छह करोड़ 65 लाख रुपए) ओपन वर्ग के लिए और तीन लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग दो करोड़ 85 लाख रुपए) महिला वर्ग के लिए हैं।


### अमेरिकी ग्रैंडमास्टर कारुआना प्रबल दावेदार


हाल के प्रदर्शन को देखते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना प्रबल दावेदार नजर आते हैं लेकिन उनके हमवतन हिकारु नाकामुरा का दावा भी मजबूत है, जिन्होंने अपनी रेटिंग के आधार पर क्वालीफाई किया है। नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी भी अच्छी फॉर्म में हैं और उन पर नजर रखने की जरूरत है। अगर उनकी लय कायम रहती है, तो वह मजबूत दावेदार साबित होंगे। चीन के वेई यी, उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव तथा एंड्री एसेपेंको और मैथियास ब्लूबाउम अन्य चार खिलाड़ी हैं, जो इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

### दिव्या पर होंगी सबकी निगाहें

भारतीय खिलाड़ियों में सबकी निगाहें दिव्या देशमुख पर होंगी, जिन्होंने 2025 में महिला विश्व कप जीता था। आर वैशाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी हैं। वह साहसिक फैसले करने के लिए जानी जाती हैं और उनका एकमात्र लक्ष्य जीत हासिल करना होता है। ऐसे में उनकी दावेदारी को कम करके नहीं आंका जा सकता है।
झू जिनर भी एक ऐसी खिलाड़ी हैं, जिन पर नजर रखनी चाहिए, क्योंकि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी कड़ी चुनौती देने के लिए जानी जाती हैं।
बिबिसारा असाउबायेवा ने भी खुद को एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में स्थापित किया है।

## सिनर की फाइनल में एंट्री, 'सनशाइन डबल' के खिताब से बस एक कदम दूर!





■ अब मुकाबला लेहेका से

एजेंसी ⏩ मियामी गार्डन्स

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने एक साल पहले मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था क्योंकि प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब इटली का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल में अपना दूसरा मियामी ओपन खिताब जीतने और 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' जीतने वाला पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के करीब है। सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव पर 6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल करके मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ने कहा, 'यहां आकर अच्छा टेनिस खेलना मेरा मुख्य लक्ष्य था। मेरे लिए दोबारा फाइनल में पहुंचना बहुत मायने रखता है। यह शानदार सफर रहा है और मैं बहुत खुश हूं।'




# ईरानी राष्ट्रपति ने पहले दी खाड़ी देशों को चेतावनी

# कहा, अमेरिका को अपनी जमीन का इस्तेमाल करने से रोकें, फिर दनादन बरसा दी मिसाइलें

*ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों पर पूर्वनियोजित हमले नहीं करता है, लेकिन अगर हमारे बुनियादी ढांचे या आर्थिक केंद्रों को निशाना बनाया जाता है तो हम कड़ा जवाब देंगे। ईरान का आग्रह है कि यदि वे विकास और सुरक्षा चाहते हैं, तो हमारे शत्रुओं को अपनी भूमि से युद्ध चलाने की अनुमति न दें*



मसूद पेजेश्कियान

### ईरान की जवाबी कार्रवाई से खाड़ी देशों के लोगों में दहशत का माहौल

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

ईरान-इजराइल युद्ध के शनिवार को 29 दिन पूरे हो गए। ईरान जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और इजराइल के मित्र खाड़ी देशों को भी निशाना बना रहा है। इसको लेकर ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने अपने पड़ोसी देशों को संदेश देते हुए कहा कि यदि वे विकास और शांति चाहते हैं तो अमेरिका को अपनी जमीन इस्तेमाल करने से रोकना चाहिए।

**बुनियादी ढांचे या आर्थिक केंद्रों को निशाना न बनाएं**

ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि मैंने कई बार कहा है कि ईरान अपने पड़ोसी देशों पर पूर्वनियोजित हमले नहीं करता है, लेकिन अगर हमारे बुनियादी ढांचे या आर्थिक केंद्रों को निशाना बनाया जाता है तो हम कड़ा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के देशों से ईरान का आग्रह है कि यदि वे विकास और सुरक्षा चाहते हैं, तो हमारे शत्रुओं को अपनी भूमि से युद्ध चलाने की अनुमति न दें। बता दें कि संयुक्त राज्य अमेरिका खाड़ी देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान, कुवैत, कतर व अन्य देशों में स्थित अपने सैन्य ठिकानों का उपयोग ईरान पर हमले करने के लिए कर रहा है, इसलिए तेहरान भी जवाबी कार्रवाई में इन देशों पर हमले कर रहा है, जिससे उन देशों में भी लोगों में दहशत का माहौल है।

## ईरान की धमकी- हम पर हुए हर हमले का कड़ा जवाब देंगे, पड़ोसी देश तैयार रहें

## ट्रंप का दावा, ईरान इस समय भारी दबाव में और समझौता करने के लिए तैयार है



ईरान का अबू धाबी में मिसाइल से हमला

## अबू धाबी के खलीफ़ा इकोनॉमिक ज़ोन पर ईरान का मिसाइल हमला

### अबू धाबी में इंटरसेप्ट होने के बावजूद 5 भारतीय घायल

शनिवार को अबू धाबी के खलीफ़ा इकोनॉमिक जोन (केईजेडएडी) के पास ईरान की ओर से एक बैलिस्टिक मिसाइल हमला हुआ। अबू धाबी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक बैलिस्टिक मिसाइल हमारी तरफ दागी हुई थी, जिसे हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने सफलतापूर्वक रोक लिया। इसके कारण मिसाइल में आग लग गई, मिसाइल के गिरे मलबे की चपेट में आने से पांच भारतीय मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जनता को सलाह दी जाती है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें और अफवाहें या बिना पुष्टि वाली जानकारी फैलाने से बचें।



अबू धाबी में मिसाइल का मलबा

### अगला नंबर क्यूबा का: ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि सैन्य अभियान शानदार ढंग से चल रहे हैं और ईरान को होर्मुज खोलना ही होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगला नंबर क्यूबा का होगा। वहीं, फ्लोरिडा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि 'उन्हें स्ट्रेट ऑफ ट्रंप खोलना होगा', मेरा मतलब होर्मुज है। उनका यह बयान तुरंत सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में वायरल हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संबोधन में ईरान को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि ईरान इस समय भारी दबाव में है और समझौता करने के लिए तैयार है। ट्रंप के अनुसार, ईरान ने तेल के कई शिपमेंट भेजे हैं और दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि 'वे समझौते के लिए बेताब हैं', जिससे यह संकेत मिलता है कि कूटनीतिक स्तर पर हल निकालने की कोशिशें तेज हो गई हैं।

### पाक पीएम ने की ईरानी राष्ट्रपति से बात



*पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर चर्चा की। शहबाज शरीफ ने ईरान के नागरिक ठिकानों पर हो रहे इजराइली हमलों की कड़ी निंदा करते हुए ईरानी जनता के साथ एकजुटता जताई। उन्होंने हमलों में हुई जनहानि पर दुख व्यक्त किया और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। शरीफ ने बताया कि पाकिस्तान तनाव कम करने के लिए अमेरिका और खाड़ी देशों के साथ लगातार राजनयिक प्रयास कर रहा है।*

### थाईलैंड ने ईरान से किया समझौता

*दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश थाईलैंड के पीएम ने कहा कि थाईलैंड ने ईरान के साथ एक समझौता किया है जिसके तहत थाई तेल जहाजों को होर्मुज से सुरक्षित रूप से गुजरने की अनुमति दी जाएगी।*

### बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र को हमले से नहीं हुआ नुकसान

*ईरान पर इजराइल के हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार देर रात बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास हुए हमले से कोई विकिरण रिसाव या रिएक्टर को नुकसान नहीं हुआ। संयंत्र सामान्य रूप से काम कर रहा था और उसे कोई तकनीकी या संरचनात्मक क्षति नहीं हुई थी।*

**ईरान ने जारी रखे हमले**

## कुवैत एयरपोर्ट पर ड्रोन से हमला

कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कई ड्रोन हमले किए गए हैं। कुवैत की सरकारी समाचार एजेंसी ने सिविल एविएशन के हवाले से यह जानकारी दी है। हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन एयरपोर्ट के रडार सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा है। ओमान की खाड़ी के पास ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने एक अमेरिकी जहाज पर हमला किया है।

### ओमान के सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन हमला

ओमान के दक्षिणी प्रांत की राजधानी सलालाह के बंदरगाह पर ड्रोन हमला हुआ है, जिसमें एक विदेशी कर्मचारी घायल हो गया। दो ड्रोन ने पोर्ट को निशाना बनाया। इस हमले में एक व्यक्ति को मध्यम चोटें आईं, जबकि बंदरगाह पर मौजूद एक क्रेन को भी मामूली नुकसान पहुंचा है। सुरक्षा एजेंसियों ने घटना के बाद इलाके को घेर लिया और जांच शुरू कर दी है।

**इजराइल दे रहा जवाब**

## तेहरान की यूनिवर्सिटी पर हमला

ईरान की राजधानी तेहरान में स्थित ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर अमेरिका और इजराइल की संयुक्त कार्रवाई में शनिवार तड़के हमला किया। हालांकि अब तक नुकसान या हताहतों को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### लेबनान में इजराइली हमले में 2 की मौत, 21 घायल

दक्षिणी लेबनान के कफर तबनित इलाके में इजराइल के हमले में एक नर्स की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। यह हमला सिविल डिफेंस की एंबुलेंस को निशाना बनाकर किया गया। इस घटना को युद्ध के नियमों के उल्लंघन के तौर पर देखा जा रहा है। एक अन्य घटना में इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के सराफंद शहर पर हमला किया जो सिडोन जिले में स्थित है। हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 17 लोग घायल हो गए हैं।

### 3 फिलिस्तीनी की मौत

पश्चिमी तट में इजराइली सेना के हमले में 3 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई है। इनमें 15 साल के अदहम दहमान की मौत हो गई। वह हमले में घायल हो गया था। वह बेथलेहम के दक्षिण में स्थित धेइशेह शरणार्थी कैंप में इजराइली सैनिकों द्वारा पेट में गोली मार दिए जाने के बाद घायल हुए थे।

### जेलेंस्की ने रणनीतिक संबंध बनाने के लिए खाड़ी के अरब देशों का दौरा किया

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को ड्रोन रक्षा पर चर्चा करने और रणनीतिक संबंध बनाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कतर का दौरा किया। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन पहले ही सऊदी अरब और कतर के साथ 10 साल के सुरक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर कर चुका है, और उसे उम्मीद है कि वह जल्द ही संयुक्त अरब अमीरात के साथ भी इसी तरह के समझौते को अंतिम रूप दे देगा। जेलेंस्की ने पिछले सप्ताह कहा था कि यूक्रेन इस बात पर विचार कर रहा है कि क्या वह होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा बहाल करने में भूमिका निभा सकता है। जेलेंस्की और यूएई के उनके समकक्ष मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा करने के लिए बैठक हुई। बाद में जेलेंस्की ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह कतर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा, "वास्तविक सुरक्षा साझेदारी पर आधारित है, हम सभी का सम्मान करते हैं और इस लक्ष्य के लिए मिलकर काम करने को तैयार सभी लोगों का समर्थन करने के लिए तत्पर हैं।" पश्चिम एशिया में युद्ध 28 फरवरी को उस समय शुरू हुआ था जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर संयुक्त हमले किये थे। इस्लामी गणराज्य ने इजराइल और खाड़ी अरब देशों पर हमले करके और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी करके जवाबी कार्रवाई की। जेलेंस्की ने कहा, "उन्होंने अमीरात में सुरक्षा स्थिति, ईरानी हमलों और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी पर चर्चा की, जो वैश्विक तेल बाजार को सीधे प्रभावित करती है"। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उनकी सरकार पश्चिम एशियाई देशों के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक संबंध बनाने की कोशिश कर रही है, जिसमें संयुक्त उत्पादन, निवेश, ऊर्जा सहयोग और युद्धक्षेत्र के अनुभवों को साझा करना शामिल है।

**खबर संक्षेप**

### रूस का यूक्रेन पर ड्रोन हमला, 5 की मौत



**कीव।** रूस ने बीती रात यूक्रेन के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाते हुए एक साथ 273 ड्रोन दागे। इस हमले में 5 लोगों की मौत हुई है। यह रूस की ओर से किया गया इस साल का सबसे बड़ा हमला था। हमले का सबसे ज्यादा असर ओडेसा में देखने को मिला। रूसी ड्रोन ने एक मैटरनिटी हॉस्पिटल और निजी घरों को निशाना बनाया।

### मिसिसिपी में ट्रेन और वैन की टक्कर, 5 की मौत




**मिसिसिपी।** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य के एक ग्रामीण इलाके में रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन और वैन की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। स्टोन काउंटी के कोरोनर वेन फ्लरी के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग वैन में सवार थे। वैन में मौजूद एकमात्र जीवित बची महिला को एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया। ट्रेन में सवार किसी भी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है।

*पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच वैश्विक संकट पर हुई चर्चा, मैक्रों तक पहुंचाया पीएम मोदी का संदेश*

# जी-7 की बैठक से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति से हुई जयशंकर की शिष्टाचार मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच फ्रांस की राजधानी पेरिस में हुई जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ शिष्टाचार मुलाकात हुई। जिसमें जयशंकर ने राष्ट्रपति मैक्रों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिए गए शुभकामना संदेश को पहुंचाया। वार्ता में दोनों के बीच वैश्विक तनाव पर भी चर्चा की गई। 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से विदेश मंत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बीते शुक्रवार रात फ्रांस के राष्ट्रपति से मेरी मुलाकात



हुई। जो कि मेरे लिए सम्मान की बात थी। मैंने उन्हें प्रधानमंत्री मोदी की ओर से दी गई शुभकामनाएं दीं। इस दौरान हुई चर्चा और उनके अनेक विचारों की सराहना करता हूं'। जयशंकर ने कहा, फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ अंतरराष्ट्रीय मामलों पर चर्चा से जो अंतर्दृष्टि मिली है। वह बेहद मूल्यवान है। जी-7 की बैठक के साथ-साथ भारत के विदेश मंत्री ने अमेरिका, फ्रांस, जापान, दक्षिण-कोरिया कनाडा, सऊदी अरब, ब्राजील जैसे देशों के विदेश मंत्रियों से द्विपक्षीय मुलाकात की।

**विवेकानंद केंद्र का किया दौरा:** विदेश मंत्री ने पेरिस में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र का भी दौरा किया। जिसे लेकर अपनी एक अन्य 'एक्स' पोस्ट में उन्होंने बताया कि केंद्र में मैंने देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की प्रभावशाली अभिव्यक्तियों को देखा। जयशंकर के मुताबिक, हमें पूरा विश्वास है कि यह नवीनीकृत सुविधा पेरिस में भारत की कला और संस्कृति में रुचि को और अधिक गहरा करने के एक केंद्र में रूप में काम करेगी।

### मोदी-मैक्रों के बीच हो चुकी वार्ता

ज्ञात हो कि हालिया दिनों में भारत, फ्रांस के राष्ट्राध्यक्षों के बीच भी पश्चिम-एशिया संकट के मामले को लेकर टेलीफोन पर चर्चा की जा चुकी है। जिसमें दोनों नेताओं ने खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा ढांचों व नागरिक इलाकों पर किए जा रहे हमलों की निंदा की और होर्मुज जलडमरूमध्य से नौवहन स्वतंत्रता और जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के महत्व को रेखांकित किया। दोनों देश संकट की इस घड़ी में बातचीत-कूटनीति के जरिए जल्द शांतिपूर्ण समाधान निकाले जाने के पक्ष में हैं। भारत, फ्रांस के नागरिकों की बड़ी संख्या खाड़ी देशों में निवास करती है। जिसे देखते हुए दोनों ने इनकी सुरक्षा और कल्याण पर भी अपने संवाद में जोर दिया था।

*अमेरिकी-यूक्रेनी नागरिकों पर कसा शिकंजा*

# एनआईए हेडक्वार्टर में होगी सुनवाई पटियाला हाउस कोर्ट ने दी 'इजाजत'

**मामला संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरे प्रभाव हो सकता**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वोत्तर के राज्यों में अमेरिकी-यूक्रेनी नागरिकों के खिलाफ चल रही जांच में बड़ा मोड़ आया है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की याचिका को मंजूरी दे दी। दरअसल, एनआईए ने इस मामले को एनआईए मुख्यालय में स्थानांतरित करने की मांग की थी।




पटियाला हाउस कोर्ट

### 7 विदेशी नागरिक गिरफ्तार

इस मामले में कुल 7 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक अमेरिकी नागरिक मैथ्यू आरोन वैनडाइक और पेट्रो हुबरा, तारास स्लीव्याक, इवान सुकमानोव्स्की, मारियन स्टेफनकिव, मक्सिम होंचारुक और विक्टर कामिंस्की सहित छह यूक्रेनी नागरिक शामिल हैं।

*2016 से 2022 तक पाकिस्तान के सेना प्रमुख रहे*

# पाकिस्तान के पूर्व आर्मी चीफ कमर बाजवा का निधन

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा का 65 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह एक महीने से ज्यादा समय से अस्पताल में भर्ती थे। घर के बाथरूम में फिसलने के बाद उन्हें सिर में गंभीर चोट लगी थी। इसके बाद रावलपिंडी के मिलिट्री अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। यूएनआई ने शनिवार को बताया कि बाजवा के परिवार के सदस्यों ने इस्लामाबाद पोस्ट से बात करते हुए उनकी मौत की पुष्टि की है। कमर बाजवा को 11 फरवरी को बाथरूम में गिरने के बाद रावलपिंडी मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। डॉक्टरों ने उनकी सर्जरी सफल रहने का दावा किया था लेकिन उनकी रिकवरी डॉक्टरों की उम्मीद के मुताबिक नहीं हुई। बाजवा ने 2016 से 2022 तक देश के सेना प्रमुख का पद संभाला था। पाकिस्तान की सेना ने 11 फरवरी को अपने एक बयान में बताया था कि कमर जावेद बाजवा का अपने घर पर गिरने से सिर में चोट लगने के बाद कंबाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था।



## सिंधु जल संधि के निलंबन बाद सरकार ने उठाए बड़े कदम

# जम्मू-कश्मीर में 46% बढ़ेगी हाईड्रो पावर क्षमता, परियोजनाओं में आई तेजी

**केंद्र शासित प्रदेश की कुल हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर क्षमता अभी 3540.15 मेगावाट**

**साल के अंत तक बढ़कर 5164.15 मेगावाट हो जाने की उम्मीद**

एजेंसी ▶▶ जम्मू

सिंधु जल संधि के निलंबित होने से जम्मू-कश्मीर में हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट्स का निर्माण तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में, इस केंद्र शासित प्रदेश में मौजूदा साल के आखिर तक हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर की कुल क्षमता में कम से कम 46% की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा विधानसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया गया कि इस साल के अंत तक दो हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स 1000 मेगावाट का पाकलदुल और 624 मेगावाट का किरू चालू हो जाएंगे। इन दोनों प्रोजेक्ट्स पर 78% काम पूरा हो चुका है। 12 मेगावाट के करनाह हाइड्रो-इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट पर भी जून के आखिर तक काम पूरा होने की उम्मीद है।



सिंधु नदी पर बना बांध

### 18000 मेगावाट तक पहुंच सकती है क्षमता

सरकार के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर की अनुमानित क्षमता लगभग 18000 मेगावाट है, जिसमें से लगभग 15000 मेगावाट की पहचान की जा चुकी है। इसमें से अब तक 3540.15 मेगावाट क्षमता का इस्तेमाल किया जा चुका है। क्षमता के इन अनुमानों में 13 प्रोजेक्ट्स शामिल हैं जिनकी कुल क्षमता 1197.4 मेगावाट है।

### 18 परियोजनाओं पर काम जारी

*6 केंद्रीय क्षेत्र के प्रोजेक्ट्स हैं जिनकी क्षमता 2250 मेगावाट है और 12 निजी क्षेत्र के प्रोजेक्ट्स हैं जिनकी कुल क्षमता 92.75 मेगावाट है। सरकार ने बताया कि सिंधु जल संधि के अब निलंबित होने के कारण, चल रहे प्रोजेक्ट्स का निर्माण कार्य तेज हो गया है।*

### 2035 तक तीन गुना होगी क्षमता

*जम्मू-कश्मीर 2035 तक अपनी हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर क्षमता को तीन गुना करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगले दस सालों के लिए एक रोडमैप तैयार कर लिया गया है और उसे लागू किया जा रहा है। आईपीपी (प्राइवेट) सेक्टर में अतिरिक्त 100–150 मेगावाट की उम्मीद है। 2035 तक लगभग 11,000 मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28